**न्यूज सर्विस/नवज्योति, घूमना।** ग्राम पंचायत गढोरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनेक प्रकार की शिकायत भी आई तो लोगों ने समस्याओं के समाधान की मांग भी करी। इस दौरान जौध्या गांव के लोगों के द्वारा पानी की सप्लाई करवाने की मांग की गई। वार्ड पंच नवल किशोर मीणा ने बताया ग्राम पंचायत गढोरा के गांव जौध्या में पीएचडी विभाग के द्वारा लगभग 2 वर्ष पूर्व पानी की सप्लाई के लिए टंकी का निर्माण भी करवाया गया। वहीं जौध्या गांव में सड़क को खोद कर पाइपलाइन भी डाली गई और कार्य को पूर्ण किया गया है पूरी तरह पाइपलाइन बिछाई गई है लेकिन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते आज तक गांव में पानी की सप्लाई नहीं हुई है। गांव में पानी की सप्लाई नहीं होने के चलते गांव में पानी की समस्या उत्पन्न है लेकिन विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कई बार पीएचडी विभाग के अधिकारियों को इस मामले को अवगत कराया लेकिन मामले को लेकर अधिकारी गंभीर नहीं है और यहां ज्यादा बड़ी समस्या नहीं है अगर अधिकारी ध्यान देकर इसकी देखरेख कर इसे चालू करवाई जाए तो तत्काल प्रभाव से गांव के लोगों को पानी उपलब्ध हो सकता है। इस दौरान समाजसेवी मन्नालाल मीणा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बनवारी लाल गढोरा सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

## अटल सेवा केन्द्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर आयोजित



**न्यूज सर्विस/नवज्योति, दौसा।** कालोता कस्बे में अटल सेवा केन्द्र पर बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़ा शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें ग्रामीणों की भीड़ लगी रही शिविर में ग्रामीणों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया एवं ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। एसडीएम मूलचंद लुणीया ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने विभाग से संबंधित कार्य मौके पर ही करें उन्होंने कहा की अधिकारी शिविर में पुरी तैयारी के साथ आए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मूलचंद लुणीया ने ग्रामीणों की स्थानीय समस्याएं सुनी उन्होंने अधिकारियों को कई मामलों के समाधान के निर्देश दिए। इनमें नामांतरणए रास्तों में विवादए आपसी सहमति से बंटवारे और स्वामित्व पट्टों का वितरण शामिल था। साथ ही सड़कों की मरम्मत और झूलते तारों को ठीक करने के निर्देश दिए पानी की टंकी यो की सफाई मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लंबित मामलों को जल्द निपटाने के आदेश दिए। इस दौरान सरपंच विनोद बैरवा, ग्राम विकास अधिकारी दीपक शर्मा, नायब तहसीलदार हरकेश मीरोठा, अतिरिक्त विडियो कृष्ण अवतार शर्मा, गीरदावर राकेश मीणा, हल्का पटवारी राजन्ती गुर्जर, सीएचओ शंकर शर्मा, लाईनमैन टेकचंद मीणा, जलदाय विभाग केलाश बैरवा, एएनएम कमलेश बैरवा आदि मौजूद थे।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला · जैसलमेर

–:: समाचार कतरन –10 जुलाई, 2025 ::–

# विधायक ने अंत्योदय सम्बल शिविरों में ग्रामीणों से किया संवाद



जैसलमेर (**मरुमहिमा**)। स्थानीय विधायक छोटूसिंह भाटी ने जैसलमेर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवा, बोहा एवं छत्रैल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों में सशक्त सहभागिता दर्ज कराते हुए बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणजनों से सीधा संवाद स्थापित किया एवं उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

भाटी ने कहा कि "पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत की भावना को साकार करने के लिए ये शिविर एक महत्त्वपूर्ण माध्यम हैं। विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी हर समस्या का समाधान प्रशासनिक स्तर पर सुनिश्चित किया जाएगा और सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता से पात्रों तक पहुंचाया जाएगा। शिविरों में राजस्व, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा, कृषि, जलदाय, विद्युत, खाद्य सुरक्षा एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे, जिन्होंने मौके पर ही जन शिकायतों का निस्तारण किया एवं पात्र व्यक्तियों का मौके पर पंजीकरण भी सुनिश्चित किया गया। विधायक ने विशेष रूप से यह कहा कि सरकार की योजनाएं जनता की संपत्ति हैं, और हम सबका कर्तव्य है कि हम इनके माध्यम से प्रत्येक जरूरतमंद तक सहायता पहुँचाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर पात्र व्यक्ति वंचित न रह जाए।

देवा, बोहा एवं छत्रैल के ग्रामीणों ने विधायक की उपस्थिति एवं संवेदनशीलता के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन शिविरों से न केवल योजनाओं की जानकारी मिली है, बल्कि लंबित समस्याओं के समाधान की दिशा भी स्पष्ट हुई है। भाटी ने कहा, हमारा लक्ष्य केवल योजनाओं की जानकारी देना नहीं, बल्कि उन्हें ज़मीनी स्तर तक साकार करना है, ताकि हर परिवार तक विकास और न्याय की पहुँच सुनिश्चित हो।"शिविरों में जनप्रतिनिधियों, सरपंच, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# अंत्योदय संबल पखवाड़े रे शिविरों में मिल्यो आमजन नै तत्काल राहत, समस्याओं रो मौके पर होयो समाधान, लोगों राज्य सरकार रो करियो धन्यवाद



जैसलमेर/सूचना अर जन सम्पर्क। प्रदेश रे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रे कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा रे तहत जैसलमेर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में आमजन री सालों स्यूं लंबित समस्याओं रो मौके पर निस्तारण करियो गयो। शिविरों में उमड़े जन सैलाब औ साबित कर दियो है कि सरकार री औ पहल आमजन नै राहत, सम्मान अर अधिकार दिलावण रो सशक्त माध्यम बण चुकी है। शिविरों में उपस्थित लोगों आप-आपरी समस्याएं ज्यां कि पेंशन बंद होवणो, भूमि विवाद, राशन वितरण, आवास योजना, रास्तों री बंदी, दिव्यांग प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, जाति-आय निवास प्रमाण पत्र ज्यां कई मुद्दों नै संबंधित अधिकारियों रे समक्ष राख्यो। इण दौरान अधिकारियों संवेदनशीलता अर तत्परता स्यूं काम करते होये अनेक मामलों रो समाधान मौके पर ही करियो, जिण स्यूं आमजन में संतोष अर प्रसन्नता री भावना देखी गई।

**जनता जतायो सरकार रो आभार**

शिविरों में लाभान्वित लोगों मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अर राज्य सरकार रो आभार व्यक्त करते होये कयो कि पैली बार ईयां अनुभव होयो है ज्यां सरकार स्वयं चाल'र उणरे गांव-ढाणी तांई आई है अर हर व्यक्ति री बात सुणी गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े रे तहत आयोजित शिविरों में कहीं सालों स्यूं बंद पेंशन फैर स्यूं सरू होयी, तो कहीं लंबे समै स्यूं बंद रास्ते खुलवायो गयो, कठै दिव्यांगजनों रे चेहरों पर मुस्कान लौटी, तो कठै वृद्धजन अर लुगाईयों नै उणरो हक मिल्यो अर सामाजिक सम्मान भी।

**प्रशासनिक संवेदनशीलता स्यूं**

**जनता में बढ़ियो विश्वास**

शिविरों में उपस्थित अधिकारियों नीं केवल समस्याएं सुणी, बल्कि उणने संवेदनशीलता रे सागै समझियो अर त्वरित समाधान री दिशा में काम करियो। इण स्यूं आमजन में शासन रे प्रति विश्वास अर सहयोग री भावना अर घणी मजबूत होयी है।

**राज्य सरकार रो मुख्य ध्येय**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रे नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा रे तहत आयोजित शिविरों रो मुख्य ध्येय है कि राज्य सरकार हर उण जरूरतमंद व्यक्ति तांई पौंचे, जिणने वास्तव में सहायता री जरूरत है। राज्य सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति रे जीवन में बदलाव लावण सारू प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार द्वारा सेवा, संबल अर समाधान री भावना स्यूं संचालित औ पखवाड़ो जनकल्याण री दिशा में अेक बड़ो अहम् कदम है।

# राजस्व अर उपनि

जैसलमेर/सूचना अर जन सम्पर्क। जिले
3:30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अेन.
जाणकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर परसा
तैयारी रे सागै आवश्यक रुप स्यूं रुप ब्लॉ

# नाचना में शिविर, की जनसुनवाई



**नाचना @ पत्रिका**. नाचना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नाचना में बुधवार को राज्य सरकार की ओर से संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पंखवाड़ा के तहत शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पंचायत समिति नाचना विकास अधिकारी सुरेश वर्मा ने अधिकारियों से बातचीत कर सरकारी योजनाओं की समीक्षा की। शिविर में अतिरिक्त विकास अधिकारी चंदनसिंह, हजारी राम नायब तहसीलदार, उपनिवेशन विभाग तहसीलदार रतन भवानी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण सेन, हलका पटवारी रतनलाल सारण उपस्थित थे। शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पेंशन सत्यापन, उपनिवेशन विभाग से संबंधित कार्य, कृषि विभाग से संबंधित कार्य, पशुपालन विभाग, चिकित्सा विभाग से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

# शिविरों में समस्याओं का मौके पर समाधान

जैसलमेर @ पत्रिका . पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत जैसलमेर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में आमजन की वर्षो से लंबित समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। शिविरों में उपस्थित लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं जैसे कि पेंशन बंद होना, भूमि विवाद, राशन वितरण, आवास योजना, रास्तों की बंदी, दिव्यांग प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, जाति-आय निवास प्रमाण पत्र जैसे कई मुद्दों को संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा। इस दौरान अधिकारियों ने संवेदनशीलता और तत्परता से कार्य करते हुए अनेक मामलों का समाधान मौके पर ही किया।

# विधायक ने ग्रामीणों से किया संवाद, योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान



अंत्योदय सम्बल शिविर में ग्रामीणों से रूबरू विधायक छोटूसिंह भाटी।

## देवा, बोहा व छत्रैल में अंत्योदय सम्बल शिविरों का आयोजन

**जैसलमेर @ पत्रिका** . जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी ने बुधवार को क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवा, बोहा एवं छत्रैल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल शिविरों में पहुंच कर वहां उपस्थित ग्रामीणों से संवाद किया और उन्हें राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

विधायक ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत की भावना को साकार करने के लिए ये शिविर एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी हर समस्या का प्रशासनिक स्तर पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा और सरकार की ओर से संचालित सभी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता से पात्रों तक पहुंचाया जाएगा। शिविरों में राजस्व, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा, कृषि, जलदाय, विद्युत, खाद्य सुरक्षा एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। भाटी ने कहा कि सरकार की योजनाएं जनता की संपत्ति हैं, और हम सबका कर्तव्य है कि हम इनके माध्यम से प्रत्येक जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाएं।

दैनिक भास्कर
जैसलमेर-पोकरण भास्कर 10-07-2025

विधायक छोटूसिंह भाटी ने देवा, बोहा व छत्रैल में आयोजित शिविरों का निरीक्षण कर निर्देश दिए

# सरकार की योजनाएं जनता की संपत्ति, इन्हें जरूरतमंद तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य: भाटी

भास्कर न्यूज | जैसलमेर

विधायक छोटूसिंह भाटी ने जैसलमेर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवा, बोहा एवं छत्रैल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविरों में सहभागिता दर्ज कराते हुए बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। साथ ही ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

विधायक भाटी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत अर्थात समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने की भावना को साकार करने के लिए ये शिविर एक महत्वपूर्ण माध्यम है। विधायक भाटी ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी हर समस्या का समाधान प्रशासनिक स्तर पर सुनिश्चित किया जाएगा और सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता से पात्रों तक पहुंचाया जाएगा।



जैसलमेर. शिविर के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनते विधायक।

## यह सरकार की नहीं, आम जनता की योजनाएं हैं

शिविरों में राजस्व, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा, कृषि, जलदाय, विद्युत, खाद्य सुरक्षा एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिन्होंने मौके पर ही जन शिकायतों का निस्तारण किया एवं पात्र व्यक्तियों का मौके पर पंजीकरण भी सुनिश्चित किया गया। विधायक भाटी ने कहा कि सरकार की योजनाएं जनता की संपत्ति है और हम सबका कर्तव्य है कि जरूरतमंद तक सहायता पहुंचे।

## ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

विधायक भाटी ने देवा, बोहा एवं छत्रैल के ग्रामीणों की समस्याएं सुनी एवं मौके पर ही अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश। शिविरों में विधायक की उपस्थिति के लिए ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया। अंत में विधायक भाटी ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल योजनाओं की जानकारी देना नहीं, बल्कि उन्हें जमीनी स्तर तक साकार करना है, ताकि हर परिवार तक विकास और न्याय की पहुंच सुनिश्चित हो।

# राजगढ़ गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित



पोकरण | राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन पंचायत समिति भणियाणा की ग्राम पंचायत राजगढ़ में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में आम जनता को सरकारी की विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ प्राप्त हुआ।

शिविर में पात्र लोगों को 7 पेंशनर के कई महीनों से बंद पेंशन को पुन चालू किया गया। 80 लोगों की आधार सीडिंग, खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों की केवाईसी, जमीन के 3 खेतों विभाजन, 11 नामांतरण के साथ 7 शुद्धि पत्र 1 पीडी पालना का काम हाथों हाथ करवाया गया।

शिविर के दौरान रास्तों से संबंधित कई कार्य दो सालों से लंबित पड़े थे। प्रशासन की उपस्थिति में ग्रामीणों की आपसी समझौते के बाद उसका समाधान किया गया। ग्रामीणों ने राज्य सरकार का आभार जताया। अतिरिक्त विकास अधिकारी मगाराम सुथार, भाजपा भैंसड़ा मंडल अध्यक्ष राजेंद्रसिंह और किरण कंवर, राजगढ़ सरपंच यशपालसिंह, व कोजराजसिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर
जैसलमेर-पोकरण भास्कर 10-07-2025

# राजगढ़ गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर आयोजित



**पोकरण** | राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन पंचायत समिति भणियाणा की ग्राम पंचायत राजगढ़ में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में आम जनता को सरकारी की विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ प्राप्त हुआ।

शिविर में पात्र लोगों को 7 पेंशनर के कई महीनों से बंद पेंशन को पुन चालू किया गया। 80 लोगों की आधार सीडिंग, खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों की केवाईसी, जमीन के 3 खेतों विभाजन, 11 नामांतरण के साथ 7 शुद्धि पत्र 1 पीडी पालना का काम हाथों हाथ करवाया गया।

शिविर के दौरान रास्तों से संबंधित कई कार्य दो सालों से लंबित पड़े थे। प्रशासन की उपस्थिति में ग्रामीणों की आपसी समझौते के बाद उसका समाधान किया गया। ग्रामीणों ने राज्य सरकार का आभार जताया। अतिरिक्त विकास अधिकारी मगाराम सुथार, भाजपा भैंसड़ा मंडल अध्यक्ष राजेंद्रसिंह और किरण कंवर, राजगढ़ सरपंच यशपालसिंह, व कोजराजसिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला · अजमेर

–:: समाचार कतरन –10 जुलाई, 2025 ::–

दैनिक नवज्योति ajmer city - 10 Jul 2025 - Page 7

# जिला कलक्टर ने तबीजी में की जनसुनवाई

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा

**कासं/अजमेर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत जिला कलक्टर लोक बन्धु ने बुधवार को तबीजी में ग्रामीणों से संवाद कर जनसुनवाई की और उनकी समस्याएं सुनकर विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 22 परिवेदनाएं प्राप्त हुईं। इनमें से मौके पर 3 परिवेदनाओं का निस्तारण किया गया। जनसुनवाई के दौरान पेयजल सप्लाई का प्रेशर जांचने के निर्देश दिए। नरेगा की औसत मजदूरी बढ़ाने के लिए कार्य पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्थानीय गौशाला के पंजीयन में सहयोग करने के लिए भी कहा। आबादी भूमि विस्तार पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी पदमा देवी, तहसीलदार ओम सिंह लखावत, सरपंच राजेन्द्र गेना सहित अन्य विभागीय अधिकारी, कार्मिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




### शिविर का भी किया निरीक्षण

जिला कलक्टर ने तबीजी ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर का भी निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अब तक प्राप्त प्रकरणों में से निस्तारित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने कहा, राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप इन शिविरों का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ देना है। इसके लिए सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति हक से वंचित न रहे।

# शिविर में सैकड़ों ग्रामीण लाभान्वित

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर

न्यूज सर्विस/नवज्योति, सावर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर ग्राम पंचायत शिवरामपुरा मुख्यालय पर बुधवार को आयोजित किया गया। जिसमें जिला देहात महामंत्री रामचंद बागड़ी, जिला रसद अधिकारी हेमंत आर्य, नायब तहसीलदार रामजी प्रसाद वैष्णव, सावर पंचायत समिति विकास अधिकारी चिरंजी लाल वर्मा, स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रियंक दाधीच, सरपंच घंटी बलाई मौजूद रहे। शिविर में 3 लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड वितरित किए गए। अन्य विभागों के अंतर्गत दर्जनों लाभार्थियों को मौके पर ही योजना के लाभ प्रदान किए गए। भाजपा जिला देहात महामंत्री रामचन्द बागड़ी ने ग्रामीणों को सरकारी योजना का लाभ लेने का आह्वान किया। हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक पेड़ लगाकर जन सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण की अपील की। ग्राम विकास अधिकारी कैलाश मीणा, कनिष्ठ सहायक विनय जोशी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

**विजयनगर।** चाड़ी में मसूदा विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। विधायक कानावत ने राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए आम जन को इस योजना से जुड़कर लाभ लेने की अपील की। शिविर में विजयनगर तहसीलदार रामकिशोर जांगिड़, गुलाबपुरा भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्रीराम जाट, भाजपा नेता जगदीप सिंह राठौड़, ओम प्रकाश पाण्डया आदि मौजूद थे।

**अराई-बांदरा।** हांसेता और कैड़िवास में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल शिविर उपखंड अधिकारी अल्पना शर्मा व तहसीलदार हरिराम के सानिध्य में आयोजित हुए। शिविरों में ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही राहत पहुंचाई गई व सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। शिविरों में सीमाज्ञान, नामान्तरण, आपसी सहमति से बंटवारा, पशुपालन विभाग द्वारा टीकाकरण, पंचायतीराज विभाग द्वारा स्वामित्व कार्ड/पट्टे, खाद्य विभाग द्वारा आधार सीडिंग एवं ईकेवायसी संबंधी कार्य मौके पर किए गए। हांसेता शिविर में महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक मेघा रतन के निर्देशन में 21 छोटी बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया। जन्मोत्सव के दौरान सभी बच्चियों और माताओं को कुमकुम चावल का तिलक लगाकर मुंह मीठा करवाया गया। साथिन कांता शर्मा ने मोली बांधकर उनके उत्तम स्वास्थ्य की मंगल कामना की। विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत बेटी जन्मोत्सव, पौधारोपण एवं नारी चौपाल इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिविर में काश्तकार खातेदार सीता देवी पत्नी भंवर लाल, लाड़ा देवी पत्नी लक्ष्मण जाट, नर्बदा पत्नी रुपाराम जाट व सदाम देवी पत्नी गोपाल जाट तथा कैड़िवास में काश्तकारों खातेदार अर्जुन, कान्हा, नोरत, बद्या, हीरा पुत्र उगमा का लंबे समय से अटके बंटवारे को आपसी सहमति से विभाजन आपसी सहमति से कर राहत पहुंचाई गई।

**बांदनवाड़ा।** निकटवर्ती ग्राम देवपुरा में बुधवार को भिनाय पंचायत समिति का अंतिम शिविर आयोजित हुआ। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा सीमाज्ञान के 13, पत्थरगढ़ी के 2, कुरेजात के 2, नामान्तरकरण के 4, रास्तों के 8 प्रकरण, आपसी सहमति से बंटवारा के 4 प्रकरण का निस्तारण किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा 785 छोटे-बड़े पशुओं की चिकित्सा, 100 लम्पी रोग प्रतिरोधक टीकाकरण, 120 गलघोंटू टीकाकरण करवाते हुए 53 पशुपालकों को लाभान्वित किया गया व विद्युत विभाग द्वारा 10, पीएचईडी विभाग द्वारा 28 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। साथ ही वन विभाग द्वारा 55 पौधारोपण, खाद्य विभाग द्वारा एनएफएसए के 7, आधार सीडिंग के 91, ई-केवाईसी के 101 प्रकरण का निस्तारण एवं चिकित्सा विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं में 483 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 2 गोद भराई, 2 अन्नप्राशन, 2 प्रवेशोत्सव शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय में स्थित 11 शौचालयों की साफ-सफाई व प्रवेशोत्सव के 7 प्रकरणों का निस्तारण सहित 597 विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण किया गया। एक पौधा मेरे नाम से मेरे लिए कन्या वाटिका के तहत 2 पौधे अटल सेवा केंद्र देवपुरा में लगाए गए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित पेंशन योजना के अन्तर्गत 21 व्यक्तियों का सत्यापन एवं कृषि विभाग द्वारा 50 मृदा नमूनों का संग्रहण, 12 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण सहित सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 1 आवेदन ऑनलाइन करवाया जाकर 3 की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई। राजीविका विभाग द्वारा 330 महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा गया। शिविर में प्रधान सम्पतराज लोढ़ा, उपखण्ड अधिकारी सुमित कुमार ढिंढोनिया, बीडीओ अर्जुन सिंह शेखावत, पंचायत प्रशासक सुश्री राजकँवर कुमारी, अतिरिक्त विकास अधिकारी युवराज प्रजापत, सहायक विकास अधिकारी अजीत कुमार कायडिया, जिला महामंत्री सुभाष शर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष भिनाय देवेन्द्र शर्मा, भिनाय मण्डल प्रतिनिधि ललित लोढ़ा आदि मौजूद थे।

**लोहरवाड़ा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर राजीव गांधी सेवा केंद्र पर आयोजित किया गया। ग्राम प्रशासक माया देवी माली, नसीराबाद उपखण्ड अधिकारी देवी लाल यादव, तहसीलदार ममता यादव, विकास अधिकारी महेश चौधरी, नायब तहसीलदार अफताब अहमद, गिरदावर सुनीता देवी, पंचायत प्रसार अधिकारी मनोज मीणा, ग्रामविकास अधिकारी गोविंद नारायण, सहायक सचिव मस्तान खान, शिक्षा अधिकारी हेमंत देसवाल, स्थानीय प्रधानाध्यापक राकेश जोनवार, समाजसेवी हनुमान लाल माली, पूर्व सरपंच देवकरण सिंह राठौड़, उप सरपंच भवर सिंह राठौड़, कृषि विभाग से सुमन चौधरी व सहायक राजमल मीणा, प्रदेशअध्यक्ष जीतराज जाट, तरुण राजपूत, बड़ौदा बैंक के सलाहकार पूर्व मैनेजर अखिलेश वर्मा आदि ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर राजस्व विभाग द्वारा बंटवारा 10, नामांतरण पांच, शुद्धिकरण एक, कृषि विभाग से मिट्टी सैंपल 35, सॉइल हेल्थ कार्ड 28, मिनी किट 10, फव्वारा सेट व पाइप लाइन के आवेदन प्राप्त, पंचायत प्रशासन द्वारा नौपेपल सर्वे 6, बैंक को खाता का पत्रों, पेंशनधी, सौभाग्य पी आदि कामकाज किए गए। इस मौके पर अध्यक्ष कुलदीप, उम्मेद मेघवंशी, पीसांगन विद्युत के सहायक अधिकारी प्रहलाद चंद ने सेवाएं दी। वार्ड पंच मोहनलाल शर्मा ने उपखंड अधिकारी से जायलपुरा के पाबालेव सागर में फालतू पानी को बंद करवाने का आग्रह किया। इस मौके पर सरपंच जन प्रतिनिधि नंदकिशोर माली, किशोर माली, किशन लाल चौधरी, विष्णु शर्मा, लक्ष्मण माली, कन्हैया चौधरी, पूर्व सेना अधिकारी जगदीश प्रसाद उदय, बाबूलाल माली, राधेश्याम वैष्णव आदि मौजूद थे।

**भवानीखेड़ा-खाघसूरी।** ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल अन्त्योदय शिविर में उपखंड अधिकारी देवीलाल यादव, तहसीलदार नसीराबाद ममता यादव, विकास अधिकारी महेश चौधरी, नायब तहसीलदार अफताब, प्रशासक रेशमी देवी, पंचायत समिति सदस्य फूली देवी की मौजूदगी में ग्रामीणों की समस्याओं का हाथों हाथ निस्तारण किया गया। उपखंड अधिकारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय शिविर का निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। शिविर में राजस्व संबंधित बंटवारे, रास्ता प्रकरण, नामांतरण, पत्थरगढ़ी, सीमाज्ञान आदि मामले निस्तारित किए गए। कृषि विभाग द्वारा खरीफ मिनीकिट एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया वहीं पौधारोपण किया गया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र चौधरी, मनोहर भाई, सोनू, एडवोकेट गोवर्धन, गिरदावर प्रकाश, प्रवीण कुमार आदि मौजूद थे।

**बांदरसिंदरी।** ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। पंचायत मुख्यालय पर आयोजित शिविर में अलग-अलग विभागों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। राजस्व विभाग ने सीमाज्ञान, नामांतरण और रास्तों से जुड़े प्रकरणों का निस्तारण किया। पशुपालन विभाग ने छोटे-बड़े पशुओं की जांच की और बीमार पशुओं का इलाज किया व रोग प्रतिरोधक टीके लगाए। विद्युत विभाग ने बिजली से जुड़े मामलों का निपटारा किया। चिकित्सा विभाग ने दवाइयां बांटी और स्वास्थ्य सम्बन्धी योजनाओं की जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में जन्म, विवाह और मृत्यु प्रमाण पत्र भी बनाए गए। इस दौरान शिविर में एसडीएम नित्या के. तहसीलदार अजीत कुमार बुंदेला, बीसीएमओ सर्वेश नरूका, विकास अधिकारी राजू मीणा, आईएलआर कमल चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी प्रतीक चौधरी आदि मौजूद थे।

**दौलतपुरा प्रथम।** ग्राम पंचायत हनुतिया में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित किया गया। विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने कहा कि सरकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने का प्रयास हम सभी को करना होगा। पर्यावरण संरक्षण के तहत हर साल एक पौधा मां के नाम पर लगाकर उसका पालन करना चाहिए। शिविर में तहसीलदार रामकिशोर जांगिड़, गिरदावर राधेश्याम शर्मा, जितेंद्र कुमार जोशी, पंचायत समिति सदस्य छीतर लाल खुडानिया, समाजसेवी छीतर लाल खंडेलिया, रामकुमार जाट, मिश्रीलाल मामट, रंगलाल जाट आदि मौजूद थे।

**गोविन्दगढ़।** पंचायत मुख्यालय पर बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित हुआ। प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। तहसीलदार मनीष चौधरी ने अधिकारियों को कई मामलों के समाधान के निर्देश दिए। इनमें नामांतरण खसरा नं. 1094 डिग्गापुरा की ढाणी के पास का रास्ता जो खेतों से पीसांगन रोड पर मिलता है खोलने से अटका मुकदमा ग्रामीणों में खुशी अधिकारियों का आभार जताया। आपसी सहमति से बंटवारे और स्वामित्व पट्टों का वितरण शामिल था। पानी की दो टंकियों की सफाई, मृदा स्वास्थ्य कार्ड - 18 का वितरण और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना आधार सीडिंग - 115, ई केवाईसी - 105, शिक्षा विभाग ने 325 विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण, ग्रीष्मकाल में जलापूर्ति व लंबित मामले - 3, आधार अपडेट - 7, दिव्यांग सर्टिफिकेट - 3, चिकित्सा विभाग में 213 पंजीकृत ओपीडी रही। शिविर में तहसीलदार मनीष चौधरी, विधायक प्रतिनिधि सन्तोष मीनापुरिया, सरपंच जगपाल सिंह शक्तावत, विद्यालय के प्रधानाचार्य, कृषि पर्यवेक्षक पुष्पांजलि, पटवारी देवेन्द्र चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी छोटू सिंह, कनिष्ठ सहायक महिला सिद्दिकी, विद्युत विभाग एलडीसी राजू, पंचायत समिति प्रतिनिधि रिंपू चौधरी, उप सरपंच प्रकाश चन्द कुम्हार, वार्ड पंच सुरेश कुम्हार, फतेह मोहम्मद, देशवाली, रोहित व्यास, शेरू रंगरेज, बीजू राम उनीयापुरिया आदि मौजूद थे।

**रामगढ़।** ग्राम पंचायत शिवनगर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में राजस्व विभाग 2 बंटवारे, 27 नामांतरण, 202 नकल, 12 शुद्धि और 2 रास्ते के विवाद निपटाए गए। पशु चिकित्सा उप केंद्र रामगढ़ प्रभारी अशोक कुमार सेन द्वारा शिविर में 94 बड़े पशु, 150 छोटे पशुओं विद्युत विभाग 2, पट्टे 2, जॉब कार्ड 5, महिला बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत एक बालिका का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके गिरदावर प्रदीप त्रिपाठी, ग्राम सेवक सोमनी कुमारी, टीकमचंद, पटवारी कृषि पर्यवेक्षक सीता गुर्जर, अमर सिंह गुर्जर, कनिष्ठ सहायक व सरपंच कैलाश मेघवंशी, उपसरपंच पुखराज गुर्जर, वार्ड पंच गंगाराम गुर्जर, समाज सेवी मुकेश मेघवंशी, वार्ड पंच धर्मा गुर्जर, वार्ड पंच कानाराम गुर्जर, दुदा राम फाटक, ओम चौहान, शिवराज वैष्णव, राधेश्याम सेन व भेरू गुर्जर आदि मौजूद थे।

**कंवरा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़े के अंतर्गत कंवरा में बुधवार को समस्या समाधान शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी सुभाष हेमानी की मौजूदगी में हुआ। शिविर में 42 सीमा ज्ञान, 24 पत्थर गढ़ी, 17 बंटवारा, 16 रास्तों के प्रकरण, 51 नामांतरण प्रकरणों के निस्तारण किए गए। इसी प्रकार चिकित्सा विभाग द्वारा 61 मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरण एवं 6 गंभीर मरीजों को जिला चिकित्सालय में उपचार हेतु मार्ग दर्शन दिया गया। शिविर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी संजय शर्मा द्वारा क्षय रोग के बचाव के लिए संदेश दिया भी दिया गया। पंचायत राज विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 10 लाभार्थियों का सत्यापन किया गया। इसी प्रकार बाल विकास महिला अधिकारी द्वारा नए सत्र में जन्मे बच्चों का आंगनवाड़ी में नामांकन जोड़कर एक साल होने के बाद उनका बर्थडे मनाने, जलदाय विभाग द्वारा ग्राम में हो रही अनियमित सप्लाई को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक कार्य करने का आश्वासन दिया गया। शिविर में तहसीलदार बंटी राजपूत, नायब तहसीलदार भोपाल सिंह मीणा, सरपंच नानगराम जाट, ब्राह्मणी माता भाजपा मंडल अध्यक्ष मदनलाल गुर्जर, कंवरा पूर्व भाजपा अध्यक्ष रामलाल चौधरी, गिरदावर बाबूलाल मीणा, पटवारी जीतराज शर्मा, बबलू महावर, भूपेंद्र कुमार, धीमसीर आचार्य, भाजपा कार्यकर्ता गोपी प्रजापत, हेमराज यादव, लक्ष्मण सैनी, मोहन माली, किशनलाल जाट व रोहित गुर्जर आदि मौजूद थे।

**देवली।** ग्राम पंचायत डाबर कलां में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं स्वामित्व योजना के तहत लाभार्थियों को पट्टे वितरण किए गए। इस अवसर पर शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार बाबू दास स्वामी, अतिरिक्त विकास अधिकारी हमेरा मीणा, प्रशासक शंकर लाल, पंचायत समिति सदस्य पिंटू जैन, ग्राम विकास अधिकारी सतवीर सिंह जाखड़ आदि ग्रामीण मौजूद रहे।


सावर


देवली


कंवरा


बांदनवाड़ा


लोहरवाड़ा


दौलतपुरा


बांदरसिंदरी


भवानीखेड़ा


अराई

दैनिक नवज्योति

anchal - 10 Jul 2025 - Page 7

# पेयजल संकट निस्तारण की उठाई आवाज

**झूंठा।** ग्रामीणों ने सबलपुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय पखवाड़ा में प्रशासन को ज्ञापन देते हुए पेयजल संकट निस्तारण की आवाज उठाई। गौरतलब है कि जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन आज तक राजस्व रायपुर सेकंड व ग्राम खीवल और उससे जुड़ी कई ढाणियां एवं बेरे जैसे हरीसागर, रामसागर, देवासियों की ढाणी, बेरा जोड़वाला, बेरा भादवा, बेरा नवोग, माताजी का बाड़िया आदि में पानी की सप्लाई शुरू नहीं की गई। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभागों को प्रार्थना पत्र और शिकायतें दीं लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि पीने के पानी के लिए उन्हें टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जो ना तो नियमित हैं और ना ही पर्याप्त। गर्मी के मौसम में यह स्थिति और भी विकट हो गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही जल आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान ओम सिंह रावत, बालाराम, बंनसी लाल, रातनलाल, मदनलाल, विष्णु प्रकाश, रमेश सिंह, नेमाराम माली, इत्यादि मौजूद थे।



दैनिक भास्कर
किशनगढ़ 10-07-2025

# 10 साल पुराना विवाद सुलझाया, गांवों में सहमति से बंटवारा हुआ

भास्कर न्यूज़|अराई

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर बुधवार को ग्राम पंचायत झीरोता और गोठियाना में आयोजित हुआ। झीरोता शिविर में महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक मेघा रतन के निर्देशन में 21 बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया। बच्चियों और माताओं को कुमकुम-चावल का तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया गया। शिविर में वर्षों से लंबित भूमि विवाद भी सुलझे। झीरोता ग्राम पंचायत की खातेदार सीता देवी पत्नी भंवरलाल, लाड़ा देवी पत्नी लक्ष्मण जाट, नर्बदा पत्नी श्योराज जाट और सदाम देवी पत्नी गोपाल जाट ने उपखंड अधिकारी को बताया कि खसरा नंबर 1972/464, कुल रकबा 0.3937 हेक्टेयर में 10 साल से बंटवारा नहीं हो पा रहा था। इसी तरह गोठियाना ग्राम पंचायत के खातेदार अर्जुन, काना, नोरत, श्रवण और हीरा पुत्र उगमा ने बताया कि खसरा नंबर 538, कुल रकबा 1.4488 हेक्टेयर में 20 साल से बंटवारा अटका हुआ था। इन मामलों में उपखंड अधिकारी ने तुरंत कार्रवाई की। तहसीलदार हरिराम को निर्देश दिए। तहसीलदार ने मौके पर ही खातेदारों को विभाजन के लाभ समझाए। सीमाज्ञान की स्पष्टता, पत्थरगढ़ी की सुविधा और अनावश्यक नामों से मुक्ति जैसे फायदे बताए।

दैनिक भास्कर किशनगढ़ 10-07-2025

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत शिविरों का आयोजन

# सालों से लंबित भूमि बंटवारे सहमति से निपटाए

भास्कर न्यूज़ | सरवाड़



पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत स्यार पंचायत में आयोजित शिविर में जतीपुरा के काश्तकारों का वर्षों से लंबित भूमि विवाद को प्रशासन ने मौके पर ही सुलझाया। खसरा संख्या 3 रकबा 1.13 हेक्टेयर पर वर्षों से पारिवारिक मतभेद व भूमि बंटवारे का विवाद चला आ रहा था। शिविर में काश्तकार रामकिशन व रामेश्वर ने उपखंड अधिकारी तंवर को अवगत कराया कि वे बंटवारा चाहते हैं, लेकिन पारिवारिक विवादों के कारण यह वर्षों से लंबित है। इस पर एसडीएम ने नायब तहसीलदार राकेश कुमार को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस पर तहसीलदार बंटी देवी राजपूत के निर्देशन में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर सभी काश्तकारों को बंटवारे के लाभों से अवगत कराया।

एसडीएम तंवर ने शिविर का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश प्रदान किए। शिविर में बीईओ रामेश्वर प्रसाद झारोटिया, सहायक विकास अधिकारी रघुवीर सिंह, ऑफिस कानूनगो प्रकाश मंडारवाल, भू-अभिलेख निरीक्षक जगदीश प्रसाद माली, पटवारी कमलेश कुमार रेगर, कानाराम गुर्जर, डॉ. परमेश्वर गुर्जर, सीताराम कुमावत आदि ने शिविर में सहयोग किया। शिविर में सीमा ज्ञान के 22, नामांतरण के 20, रास्तों के 17, आपसी सहमति व बंटवारा के 9, पत्थरगढ़ी के 5 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। कृषि विभाग ने मृदा परीक्षण के 5 नमूने लिए व 15 मृदा स्वास्थ्य कार्ड 15 वितरण किए। वन विभाग ने 30 पौधे वितरित किए। पशुपालन विभाग ने 112 पशुओं का टीकाकरण किया।

लोहरवाड़ा| भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत जनसेवा शिविर लगाया गया। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की योजनाओं और सेवाओं का लाभ मिला। शिविर का उद्घाटन एसडीएम देवी लाल यादव, तहसीलदार ममता यादव, विकास अधिकारी महेश चौधरी, सरपंच माया देवी माली, पूर्व सरपंच गोवर्धन सिंह राठौड़, उप सरपंच चतर सिंह राठौड़ और प्रदेशाध्यक्ष जीवराज जाट आदि अतिथियों का स्वागत किया गया। शिविर में चिकित्सा विभाग ने सेवाएं दी। यूडीआईडी में 1 व्यक्ति पंजीकृत हुआ। पीएमजेएवाई योजना में 10 लाभार्थियों को जोड़ा गया। पीएमवीवीआई योजना में 3 पंजीकरण हुए। टीबी स्क्रीनिंग में 39 लोगों की जांच की गई। 2 मरीजों को निक्षय पोषण किट दी गई। 4 गर्भवती महिलाओं की जांच हुई। 3 महिलाओं को टीके लगाए गए। एनसीडी जांच में 117 लोगों की जांच हुई। 30 वर्ष से ऊपर के 98 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। बीपी और शुगर के 8 संभावित मरीज चिन्हित किए गए। राजस्व विभाग ने 14 सीमा ज्ञान, 1 पत्थर गढ़ी, 23 नामांतरण, 4 अतिक्रमण शिकायतें और 10 सहमति बंटवारे के मामले निपटाए।



कृषि विभाग ने मिट्टी के 35 सैंपल लिए। 28 मिट्टी कार्ड वितरित किए। 22 मिनी किट बांटे। 7 आवेदन प्राप्त हुए। 4 को प्रशासनिक स्वीकृति मिली। शिविर में बालिकाओं को तिलक लगाकर और केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। इससे बेटियों के सम्मान और जागरूकता का संदेश दिया गया। इस मौके पर डॉ. सोनू शर्मा, चिकित्सा अधिकारी से छैल बिहारी वैष्णव, मुकेश गुर्जर, एएनएम तरुणा राजपूत, बीना बच्वानी, कविता गुर्जर, आशा सहयोगिनी, गिरदावर सुनीता जाटव, पटवारी अभिषेक तिवारी, सीमा चौधरी, अनुराधा, रेखा कुमावत, वीडीओ गोविंद नारायण वर्मा, रोजगार सहायक मस्तान सहित कई विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# केंद्रीय मंत्री चौधरी ने किया कानस शिविर का निरीक्षण




पुष्कर,( निसं.-सरेराह )। पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत मंगलवार को निकटवर्ती ग्राम पंचायत कानस परिसर में शिविर आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्या सुन समाधान के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिऐ। कानस ग्राम पंचायत भवन में आयोजित कैम्प में पुष्कर के उपखंड अधिकारी गौरव मित्तल, तहसीलदार दिनेश कुमार यादव, जिला परिषद सदस्य महेन्द्र सिंह मंझेवला, सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र सिंह रावत, मंडल महामंत्री त्रिलोक सिंह रावत, वार्ड मेंबर कैलाश, भागचंद कुमावत, ग्राम विकास अधिकारी जसवंत सिंह, कनिष्ठ लिपिक रामअवतार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया। इस दौरान किसान बीज किट का भी वितरण किया गया। वहीं केन्द्रीय चौधरी का सरपंच प्रतिनिधि महेन्द्र सिंह रावत ने माला पहनाकर अभिनंदन किया।



प्रदेश में

## पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - करौली

–:: समाचार कतरन –10 जुलाई, 2025 ::–

दैनिक भास्कर करौली 10-07-2025



**कैंप •** खरैटा गांव के पंडित दीनदयाल उपाध्याय पखवाड़ा शिविर में विकास कार्यों और स्वच्छता व्यवस्था को भी देखा

# 14 विभागों ने सुनी फरियादें, समाधान भी किया, पौधे रोपे



हिंडौनसिटी। खरैटा पंचायत के शिविर में पौधरोपण किया।

भास्कर न्यूज़ | हिंडौनसिटी

ग्राम पंचायत खरैटा के आईटी केंद्र पर बुधवार को अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर लगाया गया। अध्यक्षता तहसीलदार सीमा बघेल ने की। शिविर में 14 विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। मौके पर ही समाधान किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सत्यप्रकाश शुक्ला ने शिविर का निरीक्षण किया। पंचायत में चल रहे विकास कार्यों और स्वच्छता व्यवस्था को भी देखा। ग्राम पंचायत द्वारा बनाए वातानुकूलित पुस्तकालय और वाचनालय का निरीक्षण किया। जरूरी दिशा-निर्देश दिए। किसान तारा सिंह डागुर के फार्मपौंड का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पौधरोपण किया।

तहसीलदार सीमा बघेल ने बताया कि शिविर में राजस्व प्रकरण, सीमाज्ञान, पत्थर गढ़ी, नामांतरण, रास्ते से जुड़े विवाद, सहमति बंटवारा, बिजली समस्या, जल जीवन मिशन, विद्यालयों में प्रवेशोत्सव, आयुष्मान कार्ड वितरण, पशुओं का टीकाकरण, आवासीय पट्टे जैसी समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में सहायक विकास अधिकारी सोहन सिंह डागुर, सरपंच भूदेव सिंह डागुर, ग्राम विकास अधिकारी मोहनसिंह डागुर, गिरदावर जितेंद्र सिंह सहित सभी 14 विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



कैलादेवी| जिला कलेक्टर ने किया कैंपों का निरीक्षण।

## कैंप का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

भास्कर न्यूज़ | कैलादेवी

ग्राम पंचायत राजौर के अटल सेवा केंद्र में चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा कैंप का कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कैंप में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कर्मचारियों की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे ग्रामीणों तक पहुंचे, इसके लिए ये कैंप लगाए जा रहे हैं।

कैंप में चिकित्सा, शिक्षा, राशन, बंद पेंशन सहित सभी योजनाओं से जोड़ने की सेवाएं दी जा रही हैं। लेकिन लोगों के बैठने की व्यवस्था नहीं थी। गर्मी में लोग परेशान नजर आए। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के वित्तीय साक्षरता केंद्र के प्रबंधक मलखान सिंह गुर्जर ने बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी। बैंक ऑफ बड़ौदा के सुपरवाइजर मनीष गोयल और बैंक मित्र सीताराम प्रजापत ने लोगों को योजनाओं से जोड़ा।अतेवा ग्राम पंचायत में भी ऐसा ही कैंप आयोजित किया गया। वहां भी कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने निरीक्षण किया। सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचे। इस कैंप में विकास अधिकारी केशरी सिंह, सरपंच अमरचंद बैरवा और ई-मित्र संचालक योगेश शर्मा मौजूद रहे।



## 30 साल पुराना नामांतरण प्रकरण शिविर में सुलझा

श्रीमहावीरजी| ग्राम पंचायत चादनगांव में शिविर लगाया गया। शिविर में 30 साल पुराना बसियत नामांतरण प्रकरण खोला गया। इसमें केशूली पुत्री हरेती और किस्तूरी पुत्री हरेती का नामांतरण किया गया। राजस्व विभाग ने सीमाज्ञान के 3, नामांतरण के 11, रास्ते के 2 और सहमति से बंटवारे के 4 प्रकरणों का निस्तारण किया। पंचायतीराज विभाग ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण की 6 स्वीकृतियां दी। खाद्य सुरक्षा की 4 अपीलों का मौके पर निपटारा किया गया। चिकित्सा विभाग ने 2 टीबी किट और 10 आयुष्मान कार्ड वितरित किए। 18 महिलाओं का टीकाकरण किया गया। वृद्धजन और दिव्यांगजन की पेंशन से जुड़ी 6 अपीलों का समाधान किया गया।

शिविर में तहसीलदार हरसहाय मीना, विकास अधिकारी ज्ञान सिंह चौधरी, डॉ. दर्शन सिंह, सरपंच लक्ष्मण जाटव, वीडीओ शिवराम, कानूनगो अमरसिंह सैनी गुर्जर, जयप्रकाश गुप्ता, त्रिलोक शर्मा सहित विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर

# करौली 10-07-2025

# ग्रामीणों को मिली कई योजनाओं की जानकारी

भास्कर न्यूज़ | महमदपुर

महमदपुर-देवलेन-जगदीश पुरा पंचायत में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पखवाड़ा विशेष शिविर का आयोजन व्यापक स्तर पर किया गया, जिसकी जिम्मेदारी टोडाभीम विकास अधिकारी सहीराम मीणा के पास रही। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाकर पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ प्रदान करना था। शिविर में ग्रामीणों की भारी भागीदारी देखी गई, जहां महमदपुर, देवलेन, जगदीशपुरा, नयागांव, आदि गांवों से सैकड़ों लोग पहुंचे और अनेक विभागों की सुविधाओं का लाभ लिया।

राजस्व विभाग द्वारा जाति, मूल निवास, आय प्रमाण पत्र जारी किए गए, सीमांकन व नामांतरण की प्रक्रिया की गई, तो वहीं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाए गए, साथ ही रक्तचाप, मधुमेह, महिलाओं की स्वास्थ्य जांच सहित प्राथमिक उपचार भी दिया गया। जनआधार और ई-मित्र केंद्रों पर नामांकन, अपडेट,




महमदपुर। शिविर में अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

मोबाइल नंबर सुधार, बिजली बिल, राशन कार्ड और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े कार्य किए गए। समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग, कुष्ठ रोगी पेंशन, पालनहार योजना और विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देकर आवेदन स्वीकार किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी पंजीकरण, गर्भवती व धात्री माताओं की जांच, किशोरी बालिकाओं को पोषण परामर्श व योजनाओं की जानकारी दी गई। नरेगा और श्रमिक कल्याण विभाग द्वारा श्रमिकों का पंजीकरण, जॉब कार्ड बनाना, मृत्यु/दुर्घटना सहायता, साइकिल योजना, प्रसूति सहायता और छात्रवृत्ति योजना से जुड़े कार्य किए गए। शिक्षा विभाग ने शिविर में ड्रॉपआउट बच्चों को चिह्नित कर उनका पुनः नामांकन किया और छात्रवृत्तियों की जानकारी दी। शिविर प्रभारी विकास अधिकारी सहीराम मीणा पूरे शिविर स्थल पर उपस्थित रहकर सभी विभागों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते रहे और समय-समय पर कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देकर यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक ग्रामीण को बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने ग्रामीणों को योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी और सभी से अपील की कि वे जागरूक होकर पात्र लोगों तक इन योजनाओं का संदेश पहुंचाएं।

## टीबी मरीजों को पोषण किट, गढ़ीगांव में नई पहल

मंडरायल। उपखण्ड मंडरायल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के दौरान टीबी मरीजों के लिए अनोखी पहल की गई। एसडीएम कमल चंद शर्मा के मार्गदर्शन में यह अभियान शुरू हुआ।

नायब तहसीलदार शीश राम और ब्लॉक सीएमएचओ महेश मीना की काउंसलिंग से गढ़ीगांव में कई लोग निक्षय मित्र बने। ये लोग टीबी मरीजों को बीमारी से उबरने में मदद करेंगे। गढ़ीगांव में टीबी मरीजों के लिए विशेष कैंप लगाया गया। इसमें ग्राम पंचायत के छह मरीजों को पोषण किट दी गई। हर किट में 5 किलो आटा, 1 किलो दाल, 1 किलो चावल, 500 ग्राम सोयाबीन और 500 मिलीलीटर तेल शामिल था। यह सामग्री मरीजों को निशुल्क दी गई।

दैनिक भास्कर करौली 10-07-2025

# राजीव गांधी सेवा केंद्रों पर लगे शिविर

करौली| जिले के अलग-अलग उपखंडों में राजीव गांधी सेवा केंद्रों पर शिविर लगाए गए। ब्लॉक करौली में अतेवा, राजौर और खोहरी में शिविर हुए। ब्लॉक मासलपुर में खेड़िया, उपखंड टोडाभीम में कुढावल, देवलेन, जगदीशपुरा और महमदपुर में शिविर लगे। उपखंड हिण्डौन में खरेटा और कोटवास, पंचायत समिति श्रीमहावीरजी में चांदनगांव, उपखंड नादौती में बरदाला और सलावद, उपखंड मण्डरायल में राहिर, गढ़ी का गांव और बहादरपुर में भी शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में ग्रामीणों को राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले, इसके लिए अधिकारियों ने जागरूकता बढ़ाई। नोडल अधिकारी एडीएम हेमराज परिड़वाल ने बताया कि अधिकारियों ने शिविरों का निरीक्षण किया।

## जिला कलेक्टर ने किया ग्राम पंचायतों में औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# हरियालो राजस्थान के तहत आमजन अधिक से अधिक पौधारोपण करें- जिला कलक्टर

■ निर्भीक राजस्थान

करौली, 09 जुलाई। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बुधवार को ग्राम पंचायत अतेवा, राजोर एवं खोहरी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के तहत आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने राजस्व, शिक्षा, चिकित्सा, जल संसाधन, कृषि, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास, पंचायतीराज सहित अन्य विभागों द्वारा संबंधित स्टॉल पर दी जा सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया व आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने शिविर में आये परिवादियों के विभिन्न परिवादों का त्वरित निस्तारण भी करवाया। शिविर में निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक विभाग के काउंटर पर जाकर दी जा रही सेवाओं की संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी ली। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से भी विभिन्न योजनाओं के तहत मिल रहे लाभ के बारे में जाना। उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीणों से वर्षा के मौसम को देखते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील भी की जिससे राज्य सरकार के हरियालो राजस्थान के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण करने एवं उनका संरक्षण करने की बात भी कही। इस अवसर पर शिविर के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों से विभिन्न विभागों के द्वारा लाभान्वित किये गये लाभार्थियों की प्रगति की जानकारी ली एवं शाम तक प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये गये। इस दौरान अधिकारी, कर्मचारी एवं बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे का सफलतापूर्वक हुआ आयोजन

# शिविरों के दौरान राज्य सरकार की योजनाओं से जन-जन को किया लाभान्वित

■ निर्भीक राजस्थान

करौली, 09 जुलाई। नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि आज ब्लॉक करौली में अतेवा, राजौर व खोहरी, ब्लॉक मासलपुर में खेडिया, उपखंड टोडाभीम में कुढावल, देवलेन, जगदीशपुरा व महमदपुर उपखंड हिण्डौन में खरेटा व कोटवास, पंचायत समिति श्रीमहावीरजी में चांदनगांव, उपखंड नादौती में बरदाला व सलावद, उपखंड मण्डरायल में राहिर, गढी का गांव व बहादरपुर के राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर शिविरों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों द्वारा अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कर राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों द्वारा कैम्पों का निरीक्षण कर प्राप्त लाभार्थियों को पोषण किट, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, आयुष्मान कार्ड, यूडीआईडी कार्ड सहित राजस्व, समाज कल्याण, पीएचईडी, चिकित्सा, जल संसाधन, श्रम विभाग, महिला अधिकारिता सहित अन्य विभागों द्वारा राज्य सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया।

# जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक 15 जुलाई को

करौली, 09 जुलाई। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा ने बताया कि जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक 15 जुलाई 2025 को प्रातः 11.30 बजे जिला प्रमुख की अध्यक्षता में भारत निर्माण राजीव गांधी जन सुविधा केन्द्र के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने उक्त बैठक में समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों एवं सूचनाओं के साथ उपस्थित रहने की निर्देश दिए।

पत्रिका

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा

# ग्रामीणों ने बताई जनसमस्याएं, अधिकारियों ने किया समाधान



**मंडरायल.** गढ़ी का गांव में पोषण किट वितरण करते अधिकारी।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मंडरायल.** समीपवर्ती गढ़ी का गांव के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर लगा। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी व मौके पर निस्तारण किया। शिविर में चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने टीबी के मरीजों को सावधानियां बरतने के सुझाव दिए। साथ ही आधा दर्जन मरीजों को निश्चय पोषण किट वितरण की। शिविर में कार्यवाहक उपखण्ड अधिकारी कमल चंद शर्मा के निर्देशन में नायब तहसीलदार शीशराम ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. महेश मीना ने टीबी रोगियों की काउंसलिंग की। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों के लिए पोषण किटों का वितरण किया गया है। जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार होने में मदद मिलेगी। शिविर में 8 दिव्यांगों को दिव्यांगता सर्टिफिकेट वितरण किए। इस दौरान विकास अधिकारी विजय सिंह मीना, सहायक विकास अधिकारी हरिचरण माली, सरपंच प्रतिनिधि सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

10/07/2025 | Karoli | Page : 15
Source : https://epaper.patrika.com/

दैनिक नवज्योति
matsyanchal - 10 Jul 2025 - Page

नहा हा सका ह।

# पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े का सफलतापूर्वक आयोजन

## शिविरों के दौरान सरकार की योजनाओं से जन-जन को किया लाभांवित

न्यूज सर्विस/नवज्योति, करौली। नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि आज ब्लॉक करौली में अतेवा, राजौर व खोहरी, ब्लॉक मासलपुर में खेडिया, उपखंड टोडाभीम में कुढावल, देवलेन, जगदीशपुरा व महमदपुर उपखंड हिण्डौन में खरेटा व कोटवास, पंचायत समिति श्रीमहावीरजी में चांदनगांव, उपखंड नादौती में बरदाला व सलावद, उपखंड मण्डरायल में राहिर, गढी का गांव व बहादरपुर के राजीव गांधी सेवा केन्द्रों पर शिविरों का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कर राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों द्वारा कैम्पों का निरीक्षण कर प्राप्त लाभार्थियों को पोषण किट, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, आयुष्मान कार्ड, यूडीआईडी कार्ड सहित राजस्व, समाज कल्याण, पीएचईडी, चिकित्सा, जल संसाधन, श्रम विभाग, महिला अधिकारिता सहित अन्य विभागों द्वारा राज्य सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला · टोंक

–:: समाचार कतरन – 10 जुलाई, 2025 ::–

# 25 नए पट्टे बांटे, 355 पशुओं का इलाज किया, 200 का टीकाकरण



पीपलू | ग्राम पंचायत संदेड़ा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया गया। शिविर में उपखंड अधिकारी गणराज बड़गौती, विकास अधिकारी सुनील वर्मा, अतिरिक्त विकास अधिकारी शंकर सिंह, ग्राम पंचायत प्रशासक रंगलाल बैरवा, ग्राम विकास अधिकारी राजाराम गुर्जर और सचिन शर्मा मौजूद रहे। शिविर में 25 नए आवासीय पट्टे वितरित किए गए। शिविर प्रभारी शंकर सिंह ने बताया कि राजस्व विभाग ने 16 सीमा ज्ञान, एक पथरगढ़ी, 54 नामांतरण, 12 रास्ता और 10 बंटवारे के प्रकरणों का निस्तारण किया। ग्राम पंचायत ने 20 पुराने पट्टों का नवीनीकरण किया। 2000 पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया। बिजली निगम ने 21 स्थानों पर झूलते तार ठीक किए। 11 बिजली पोलों की मरम्मत की गई। कृषि विभाग ने 50 मृदा नमूने लिए। 52 किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड दिए गए। खाद्य विभाग ने 291 लोगों की आधार सीडिंग की। 388 सदस्यों की ई-केवाईसी पूरी की।

# शिविर में मालिकाना हक मिला

नासिरदा | ग्राम पंचायत डाबरकलां में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को मकान के पट्टे वितरित किए। इससे लाभार्थियों को मकान का मालिकाना हक मिला। शिविर में किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी दिए गए। ग्राम कल्याणपुरा निवासी जगदीश कुमावत को शिविर की जानकारी मिली। वह मकान का पट्टा बनवाना चाहता था। उसने ग्राम पंचायत कार्यालय में दस्तावेज जमा करवाए। पंचायत ने त्वरित कार्रवाई कर पट्टा तैयार किया। 9 जुलाई को शिविर में नायब तहसीलदार बाबू दास स्वामी और अतिरिक्त विकास अधिकारी रामरेश मीणा ने जगदीश कुमावत को पट्टा सौंपा। जगदीश ने बताया कि अब उसे मकान का मालिकाना हक मिल गया है। जरूरत पड़ने पर बैंक से लोन लेने में सुविधा होगी। शिविर में नायब तहसीलदार बाबू दास स्वामी, अतिरिक्त विकास अधिकारी रामरेश मीणा, प्रशासक शंकरलाल, पिंटू जैन, वीडियो सरजीत सिंह जाखड़, उप सरपंच राधेश्याम मीणा, सदा कंवर गुर्जर, कनिष्ठ सहायक महेंद्र प्रजापत, ग्राम रोजगार सहायक उमेश चंद, डॉ. रमेश मीणा, सीएचओ बनवारी धाकड़, दीपक कुमार मीणा, कृषि पर्यवेक्षक प्रहलाद गुर्जर, पंचायत शिक्षक रामरतन कुमावत,कालूराम कहार,समेत अन्य मौजूद रहे।



## लाभार्थियों को सौंपे आवासीय पट्टे : अधिकारियों को दिए निर्देश

# शिविर में व्यवस्थाएं रखें पुख्ता : कल्पना



निवाई. भरथला में आयोजित शिविर में महिला को पट्टा सौंपती कलक्टर।



देवली. डाबरकला में मृदा स्वास्थ्य कार्ड व आवास पट्टा देते हुए।

पत्रिका धर्म-समाज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



पलाई. स्वास्थ्य कार्ड देते हुए।

**निवाई.** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने ग्राम पंचायत भरथला निवाई में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के अंतर्गत आयोजित शिविर का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का निरीक्षण किया और आमजन के लिए किए जा रहे कार्यो का अवलोकन किया। उन्होंने लाभार्थियों एवं आमजन से संवाद कर शिविर में लाभ प्राप्त करने एवं शिविर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलक्टर ने आमजन की परिवेदनाओं को सुनी और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने उपखंड अधिकारी व विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि शेष रहे शिविरों में सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखे। जिससे आमजन को शिविरों का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने शिविर में अधिकाधिक लोगों की परिवेदनाओं पर आवश्यक कार्यवाही कर मौके पर लाभ देने के लिए निर्देशित किया। मंगलवार को ग्राम पंचायत भरथला में आयोजित शिविर में बलराम सिंह, प्रहलाद सैन, कमलेश कंवर, जसोदा देवी और रमेशचंद मीणा को वर्षो पुराने आवासीय पट्टे दिए गए जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।

**पलाई.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर पलाई के ग्राम पंचायत भवन सभागार में हुआ। इसमें विकास अधिकारी शंकरलाल ने ग्रामीणों व आमजनों की फरियाद सुनी व लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। पलाई, चतरपूरा, श्योपुरा,

## शिविर में मिला मकान का पट्टा व मृदा स्वास्थ्य कार्ड से चेहरे खिले

**देवली.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत डाबर कला में बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मकान का पट्टा व मृदा स्वास्थ्य कार्ड मिलने से लाभान्वित व्यक्तियों के चेहरे खिल उठे। शिविर में सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने की जानकारी पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणजन पहुंचे। वहां पर किसान भंवर लाल कुमावत ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लिए संपर्क कर किसान सेवा केंद्र पर आवश्यक दस्तावेज दिए।मोके पर ही कार्रवाई कर कार्ड जारी कर दिया गया। इसी तरह जगदीश कुमावत निवासी कल्याणपुरा ने मकान पट्टा के लिए जानकारी लेकर आवश्यक दस्तावेज त्वरित कार्रवाई कर उसे समेत आधा दर्जन आवास के पट्टे दिए गए।जिसे पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार बाबू दास स्वामी ,अतिरिक्त विकास अधिकारी रामरेश मीणा, प्रशासक शंकर लाल, पंचायत समिति सदस्य पिंटू जैन, ग्राम विकास अधिकारी सरजीत सिंह जाखड़, राधेश्याम मीणा, उप सरपंच सदा कंवर गुर्जर, कनिष्ठ सहायक महेंद्र प्रजापत, ग्राम रोजगार सहायक उमेश चंद ,डॉ रमेश मीणा, कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर बनवारी धाकड़, कंप्यूटर अनुदेशक दीपक कुमार मीणा, कृषि पर्यवेक्षक प्रहलाद गुर्जर आदि थे।

नाहरा गांव के ग्रामीणों व महिलाओं ने आम रास्ते से अतिक्रमण हटाने, बिजली, कीचड़, सीसी रोड़ बनाने, बीसलपुर पेयजल की समस्या बताई। शिविर में लोगों के काम नहीं होने व समस्याओं का समाधान नहीं होने से प्रशासन के खिलाफ लोगों व ग्रामीणों ने गहरी नाराजगी जताई है। लोगों बिजली कटौती बंद करने, थ्री फेस सप्लाई को सुबह की शिफ्ट में करने, वाल्व लगवाने आदि की मांग की।

# ग्रामीणों की राह हो रही आसान, एक ही स्थान पर हो रहे काम







**खबरों की दुनिया**

**टोंक।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा आमजन के कल्याण के लिये चलाये जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत अनेकानेक ग्रामीणों को सार्वजनिक व व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं का फायदा पहुंचने के साथ-साथ राजस्व से संबंधित भी कई वर्षों से लंबित प्रकरणों का समाधान किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की राह आसान हो रही है। साथ ही, बरसों पुराने अटके हुए कार्य हो रहे है। कैंपों में आने वाले ग्रामीण राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में लाभ प्राप्त कर अत्यंत हर्ष का अनुभव कर रहे हैं।

उपखंड टोंक की ग्राम पंचायत लांबा कला में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में नायब तहसीलदार पूजा अटल ने कहा कि टोंक तहसील के हर गांव-गरीब व्यक्ति एवं हर परिवार को सशक्त और समृद्ध बनाते हुए उनकी सेवा करना हमारा सर्वोच्च ध्येय है। शिविर में अपनी समस्या लेकर आए शिवराज पुत्र देवकरण जाट निवासी ग्राम लांबा कला ने शिविर प्रभारी पूजा अटल को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि राजस्व रिकार्ड में उसका गलत नाम दर्ज है जिसको सही किया जाएं। इस पर शिविर प्रभारी पूजा ने संबंधित कार्मिकों को निर्देश दिए कि गलत नाम दर्ज के प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही कर राजस्व रिकार्ड में दर्ज गलत नाम की जांच कर उसे सही करें। शिविर प्रभारी अटल के निर्देश पर संबंधित कार्मिकों ने परिवादियों के नाम को राजस्व रिकार्ड में सही कर उसे शुद्ध किया। विगत कई वर्षों से दर्ज गलत नाम एक ही दिन में शुद्ध होने पर परिवादी ने राज्य सरकार, जिला एवं उपखंड प्रशासन तथा शिविर प्रभारी पूजा अटल की सराहना कर उनका धन्यवाद देते हुए कहा कि आमजन को लाभान्वित करने के लिए ऐसे शिविरों के आयोजन होना चाहिए।

उपखंड निवाई की ग्राम पंचायत ललवाड़ी में आयोजित शिविर में परिवादी लल्लू राम जागिड़ ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि राजस्व रिकॉर्ड में उसका नाम गल्लूराम दर्ज है। जबकि उसका असली नाम लल्लूराम है। शिविर प्रभारी ने संबंधित अधिकारियों को परिवादी का नाम राजस्व रिकॉर्ड में सही करने के निर्देश दिए। शिविर प्रभारी के निर्देश पर संबंधित कार्मिकों ने परिवादी के नाम को राजस्व रिकार्ड में उसे शुद्ध किया। इसी प्रकार उपखंड मालपुरा की ग्राम पंचायत तिलांजू में आयोजित शिविर में परिवादी श्योराज पुत्र बिरधा गुर्जर के भूमि खाता संख्या में दर्ज गलत नाम को शुद्ध किया गया।

देवली उपखंड की ग्राम पंचायत डाबर कला में सह खातेदारों के बीच समझाइश करने से भूमि का बंटवारा मौके पर ही हो गया। परिवादी राकेश कुमार पुत्र घासीलाल जाति कहार निवासी डाबरकलां ने बताया कि भूमि बंटवारे को लेकर हमारी बुआओं से विवाद था। नायब तहसीलदार बाबूदास स्वामी ने शिविर में बुआओं को बुलाकर भूमि बंटवारे के लिए समझाइश की। शिविर प्रभारी द्वारा समझाइश करने पर हम सभी इस बात के लिए राजी हो गए। बंटवारा होने पर सभी बेहद खुश है। पीपलू उपखंड की ग्राम पंचायत संदेड़ा में पंडित दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में प्रेम देवी पत्नी रामेश्वर मीणा को कई वर्षों के बाद मकान का आवासीय पट्टा शिविर प्रभारी ने दिया। लाभार्थी के आवेदन का अवलोकन करने के बाद आवासीय मकान का मौका मुआयना कर पट्टा बनाया गया। लाभार्थी प्रेम देवी ने बताया कि मैं इस पट्टे पर लोन लेकर बकरी पालन का कार्य करूंगी जिससे मुझे तथा मेरे परिवार को रोजगार के साथ-साथ आर्थिक संबल भी मिलेगा।

# ग्रामीणों की राह हो रही आसान, एक ही स्थान पर हो रहे काम








**अनिल विजय**

टोंक (ताज भारती)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा आमजन के कल्याण के लिये चलाये जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत अनेकानेक ग्रामीणों को सार्वजनिक व व्यक्तिगत लाभ की योजनाओं का फायदा पहुंचने के साथ-साथ राजस्व से संबंधित भी कई वर्षों से लंबित प्रकरणों का समाधान किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की राह आसान हो रही है। साथ ही बरसों पुराने अटके हुए कार्य हो रहे हैं। कैंपों में आने वाले ग्रामीण राज्य सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं में लाभ प्राप्त कर अत्यंत हर्ष का अनुभव कर रहे हैं।

## गांव-गरीब को सशक्त बनाकर उनकी सेवा करना हमारा सर्वोच्च ध्येय, नायब तहसीलदार पूजा अटल

उपखंड टोंक की ग्राम पंचायत लांबा कला में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में नायब तहसीलदार पूजा अटल ने कहा कि टोंक तहसील के हर गांव-गरीब व्यक्ति एवं हर परिवार को सशक्त एवं समृद्ध बनाते हुए उनकी सेवा करना हमारा सर्वोच्च ध्येय है। शिविर में अपनी समस्या लेकर आए शिवराज पुत्र देवकरण जाट निवासी ग्राम लांबा कला ने शिविर प्रभारी पूजा अटल को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि राजस्व रिकार्ड में उसका गलत नाम दर्ज है जिसको सही किया जाएं। इस पर शिविर प्रभारी पूजा ने संबंधित कार्मिकों को निर्देश दिए कि गलत नाम दर्ज के प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही कर राजस्व रिकार्ड में दर्ज गलत नाम की जांच कर उसे सही करें। शिविर प्रभारी अटल के निर्देश पर संबंधित कार्मिकों ने परिवादियों के नाम को राजस्व रिकार्ड में सही कर उसे शुद्ध किया। विगत कई वर्षों से दर्ज गलत नाम एक ही दिन में शुद्ध होने पर परिवादी ने राज्य सरकारए जिला एवं उपखंड प्रशासन तथा शिविर प्रभारी पूजा अटल की सराहना कर उनका धन्यवाद देते हुए कहा कि आमजन को लाभान्वित करने के लिए ऐसे शिविरों के आयोजन होना चाहिए।

## लल्लूराम एवं श्योराज गुर्जर के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज गलत नाम को शुद्ध किया

उपखंड निवाई की ग्राम पंचायत ललवाड़ी में आयोजित शिविर में परिवादी लल्लू राम जांगिड़ ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि राजस्व रिकॉर्ड में उसका नाम गल्लूराम दर्ज है। जबकि उसका असली नाम लल्लूराम है। शिविर प्रभारी ने संबंधित अधिकारियों को परिवादी का नाम राजस्व रिकॉर्ड में सही करने के निर्देश दिए। शिविर प्रभारी के निर्देश पर संबंधित कार्मिकों ने परिवादी के नाम को राजस्व रिकार्ड में उसे शुद्ध किया। इसी प्रकार उपखंड मालपुरा की ग्राम पंचायत तिलांजू में आयोजित शिविर में परिवादी श्योराज पुत्र बिरधा गुर्जर के भूमि खाता संख्या में दर्ज गलत नाम को शुद्ध किया गया।

## शिविर प्रभारी की समझाइश से सह खातेदारों में सहमति से हुआ बंटवारा

देवली उपखंड की ग्राम पंचायत डाबर कला में सह खातेदारों के बीच समझाइश करने से भूमि का बंटवारा मौके पर ही हो गया। परिवादी राकेश कुमार पुत्र घासीलाल जाति कहार निवासी डाबरकलां ने बताया कि भूमि बंटवारे को लेकर हमारी बुआओं से विवाद था। नायब तहसीलदार बाबूदास स्वामी ने शिविर में बुआओं को बुलाकर भूमि बंटवारे के लिए समझाइश की। शिविर प्रभारी द्वारा समझाइश करने पर हम सभी इस बात के लिए राजी हो गए। बंटवारा होने पर सभी बेहद खुश है।

## प्रेम देवी को मिला मकान का आवासीय पट्टा

पीपलू उपखंड की ग्राम पंचायत संदेड़ा में पंडित दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में प्रेम देवी पत्नी रामेश्वर मीणा को कई वर्षों के बाद मकान का आवासीय पट्टा शिविर प्रभारी ने दिया। लाभार्थी के आवेदन का अवलोकन करने के बाद आवासीय मकान का मौका मुआयना कर पट्टा बनाया गया। लाभार्थी प्रेम देवी ने बताया कि मैं इस पट्टे पर लोन लेकर बकरी पालन का कार्य करूंगी, जिससे मुझे तथा मेरे परिवार को रोजगार के साथ-साथ आर्थिक संबल भी मिलेगा।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

जिला · बीकानेर

–:: समाचार कतरन –10 जुलाई, 2025 ::–

# मोखमपुरा में विद्युत ट्रांसफार्मर व अतिरिक्त पोल की मिली स्वीकृति



**महाजन @ पत्रिका.** समीपवर्ती मोखमपुरा गांव में बुधवार को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल कैंप में विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता भूपेन्द्र भारद्वाज ने ग्रामीणों की समस्या सुनकर मौके पर ही समाधान करवाया। ग्रामीणों ने मोखमपुरा के वार्ड नं 5 में कम वोल्टेज की समस्या से अवगत करवाया। इस पर अधीक्षण अभियंता भारद्वाज ने तत्काल कार्यवाही करते हुए एक लाख 95 हजार की लागत का 40 केवीए का ट्रांसफार्मर स्वीकृत कर स्वीकृति पत्र सरपंच रामस्वरूप बिरट एवं ग्रामीणों को सौंपा। साथ ही ग्राम पंचायत के नवीन कनेक्शन के लिए मौके पर ही मांग पत्र जारी करवाया। मोखमपुरा में नवीन पोल लगाने के लिए 2 लाख के तकमीने की स्वीकृति हाथों हाथ जारी की। शिविर में सरपंच ने मोखमपुरा में 33 केवी जीएसएस के निर्माण की मांग अधीक्षण अभियंता से की। अधीक्षण अभियंता ने महाजन सहायक अभियंता राजेन्द्र लेघा को प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने का निर्देश दिया।

# शिविर में आमजन की समस्या का निस्तारण

**खााजूवाला @ पत्रिका.** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत ग्राम पंचायत पूगल में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हं आमजन की समस्याओं का निस्तारण किया गया। शिविर प्रभारी राजस्व तहसीलदार अशोक कुमा और सह प्रभारी सहायक विकास अधिकारी हरिराम खाण्डा उपस्थित रहे।शिविर में राजस्व विभाग की ओर से 8 खाता विभाजन व 2( नामान्तरण के आवेदन का निस्तारण किया गया। पेंशन सत्यापन से वंचित पात्र पेंशनरों का वार्षिक सत्यापन किया गया पंचायती राज विभाग की ओर से 1( जन्म प्रमाण-पत्र तथा 22 जन्म प्रमाण पत्रों में संशोधन किया गय तथा लंबित आवासों की मौके प जाकर जिओ टेकिंग करवाक आगामी किश्तों के लिए एफटीओ जारी किया गया। सरपंच सिद्धार्थ सिंह भाटी ने अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार जताया।

# अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत अंतिम दिन लगे शिविर, बालिका के जन्मदिन के अवसर पर पौधे लगाए

भास्कर न्यूज़ | पूगल

पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत अंतिम शिविर का आयोजन पूगल के ग्राम पंचायत भवन में हुआ। शिविर में पेयजल, बिजली, सिंचाई, रास्ता विवाद, कृषि भूमि संबंधित परिवाद आए जिनका उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने संबंधित विभागों को भेज कर निस्तारण करवाया गया। शिविर में सबसे बड़ी मांग कस्बे में बारिश के पानी को लेकर हुई जो भारतमाला सड़क पर पानी की निकासी नहीं होने की वजह से मुख्य बाजार व वार्ड नंबर 4 में पानी इक्कठा होता है। जिसकी स्थाई निकासी हेतु लोगों ने उपखंड अधिकारी को अवगत करवाया। ग्रामीणों की इस बड़ी समस्या को लेकर उपखंड अधिकारी ने स्थाई समाधान करवाने का आश्वासन दिया। शिविर में एक बालिका के जन्मदिन पर उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार भींचर, पूगल सरपंच सिद्धार्थ सिंह भाटी ने केक काटा। एक पौधा भेंट कर जन्म दिवस मनाया। शिविर में उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार, शिविर प्रभारी तहसीलदार अशोक कुमार पारीक, सह प्रभारी सहा. विकास अधिकारी हरिराम कुमार खांडा, ग्राम विकास अधिकारी गौरी शंकर रंकावत आदि उपस्थित थे।

खाजूवाला ग्रामीण. ग्राम पंचायत 5 केवाईडी में बुधवार को संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगा। शिविर प्रभारी खाजूवाला तहसीलदार कमलेश सिंह महेरिया ने बताया कि ग्रामवासियों को खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत अपात्र को स्वेच्छा से नाम हटाने के लिए प्रेरित किया। इस दरमियान थारूराम भील निवासी चक एक पीएचएम द्वारा स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटाए जाने की स्वीकृति दी। शिविर में बीडीओ कृष्ण कुमार चावला, नायब तहसीलदार मोहनलाल खावा आदि शामिल हुए।

## पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबंल पखवाड़ा

# एडीएम प्रशासन ने संतोष नगर में फीडर से इंटर कनेक्शन मौके पर करवाया, बिजली सप्लाई भी तत्काल करवाई शुरू

>> एडीएम प्रशासन ने संतोषनगर और जागणवाला ग्राम पंचायतों में लगे शिविरों का किया औचक निरीक्षण



बुलंद राजस्थान

**बीकानेर।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबंल पखवाड़ा के जिला नोडल अधिकारी और एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत ने बुधवार को बज्जू की ग्राम पंचायत संतोषनगर और जागणवाला का औचक निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत संतोषनगर के निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों ने कुमावत को ज्ञापन दिया कि ग्राम जागणवाला में 33/11 केवी सब स्टेशन बनकर तैयार हो चुका है लेकिन फीडर से इन्टर कनेक्शन का कार्य शेष है। इस पर कुमावत ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को अविलंब सप्लाई शुरू करने के सख्त निर्देश दिए। विभागीय टीम ने तत्काल इंटर कनेक्शन कर बिजली सप्लाई शुरू कर मौके पर ही एडीएम प्रशासन को रिपोर्ट किया। इंटर कनेक्शन का कार्य तत्काल होने पर ग्राम वासियों के चेहरों पर खुशी झलक पड़ी।

एडीएम प्रशासन कुमावत ने शिविर में विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान राजस्व कार्मिकों को खाता विभाजन, सीमाज्ञान इत्यादि कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। वन विभाग के कार्मिकों को शिविर में ही अधिक से अधिक पौध वितरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर कुमावत ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत एक वर्षीय बालिका का जन्मोत्सव मनाते हुए चिकित्सा अधिकारियों के साथ बच्ची का जन्मदिन केक कटवाया।

ग्राम पंचायत जागणवाला मे शिविर निरीक्षण के दौरान विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए कुमावत ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को अधिकाधिक पशुओं के टीकाकरण करने संबंधी निर्देश दिए। विद्युत और पीएचईडी के अधिकारियों को शिविर के दौरान प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। ताकि लोगों को बारिश के मौसम में बिजली, पानी इत्यादि को लेकर किसी प्रकार की समस्या ना आए। कुमावत ने ग्राम पंचायत जागणवाला शिविर में खाद्यान्न सामग्री की किट भी वितरित की गई।

एडीएम प्रशासन कुमावत के शिविर निरीक्षण के दौरान एसडीएम संदीप चौधरी, तहसीलदार बिहारी लाल रैगर, नायब तहसीलदार नितिन पुरोहित, मदन सिंह यादव, एडीएम प्रशासन के पीए शिव कुमार व्यास समेत अन्य विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एडीएम प्रशासन ने ग्राम पंचायतों में लगे शिविरों का किया औचक निरीक्षण

## संतोष नगर में फीडर से इंटर कनेक्शन मौके पर करवाया, बिजली सप्लाई भी तत्काल करवाई शुरू

राजस्थान प्रदीप रिपोर्टर

**बीकानेर।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबंल पखवाड़ा के जिला नोडल अधिकारी और एडीएम प्रशासन श्री रामावतार कुमावत ने बुधवार को बज्जू की ग्राम पंचायत संतोषनगर और जागणवाला का औचक निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत संतोषनगर के निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों ने श्री कुमावत को ज्ञापन दिया कि ग्राम जागणवाला में 33/11 केवी सब स्टेशन बनकर तैयार हो चुका है लेकिन फीडर से इन्टर कनेक्शन का कार्य शेष है। इस पर श्री कुमावत ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को अविलंब सप्लाई शुरू करने के सख्त निर्देश दिए। विभागीय टीम ने तत्काल इंटर कनेक्शन कर बिजली सप्लाई शुरू कर मौके पर ही एडीएम प्रशासन को रिपोर्ट किया। इंटर कनेक्शन का कार्य तत्काल होने पर ग्राम वासियों के चेहरों पर खुशी झलक पड़ी।

एडीएम प्रशासन श्री कुमावत ने शिविर में विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान राजस्व कार्मिकों को खाता विभाजन, सीमाज्ञान इत्यादि कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। वन विभाग के कार्मिकों को शिविर में ही अधिक से अधिक पौध वितरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर श्री कुमावत ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत एक वर्षीय बालिका का जन्मोत्सव मनाते हुए चिकित्सा अधिकारियों के साथ बच्ची का जन्मदिन केक कटवाया।

ग्राम पंचायत जागणवाला मे शिविर निरीक्षण के दौरान विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए श्री कुमावत ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को अधिकाधिक पशुओं के टीकाकरण करने संबंधी निर्देश दिए। विद्युत और पीएचईडी के अधिकारियों को शिविर के दौरान प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। ताकि लोगों को बारिश के मौसम में बिजली, पानी इत्यादि को लेकर किसी प्रकार की समस्या ना आए। श्री कुमावत ने ग्राम पंचायत जागणवाला शिविर में खाद्यान्न सामग्री की किट भी वितरित की गई।

एडीएम प्रशासन श्री कुमावत के शिविर निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री संदीप चौधरी, तहसीलदार श्री बिहारी लाल रैगर, नायब तहसीलदार श्री नितिन पुरोहित, श्री मदन सिंह यादव, एडीएम प्रशासन के पीए श्री शिव कुमार व्यास समेत अन्य विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूगल में पंडित दीनदयाल अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े के शिविर का आयोजन



पूगल (ईसरदान चारण)। पूगल ग्राम पंचायत हॉल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें शिविर प्रभावी राजस्व तहसीलदार अशोक कुमार पारीक ने शिविर का संचालन किया। सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे वहीं पूगल के सरपंच सिद्धार्थसिंह भाटी, उपखंड अधिकारी पूगल राजेन्द्र, हरिराम एडीओ पंचायत समिति पूगल हरीश ग्राम विकास अधिकारी गौरीशंकर स्वामी प्रभुसिंह भाटी, बिजली पानी, राजस्व, पीएचईडी, आंगनबाड़ी, जल संसाधन, कृषि, खाद्य सुरक्षा के साथ अनेक विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में बेटी के जन्म पर केक काटकर, थाली बजाकर खुशी मनाई गई एवं पौधारोपण किया गया। प्रधानमंत्री आवास की जियो टैगिंग, वार्षिक पेंशन के कई प्रकरण निस्तारित किए गए 10 जन्म प्रमाण पत्र, 22 में संशोधन किए गए। सरपंच पूगल श्री सिद्धार्थसिंह भाटी ने शिविर में आए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व ग्रामीणों का आभार ज्ञापित किया।

# एडीएम प्रशासन ने शिविरों का किया औचक निरीक्षण



कामयाब कलम रिपोर्टर।

**बीकानेर।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के जिला नोडल अधिकारी और एडीएम प्रशासन श्री रामावतार कुमावत ने बुधवार को बज्जू की ग्राम पंचायत संतोषनगर और जागणवाला का औचक निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत संतोषनगर के निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों ने श्री कुमावत को ज्ञापन दिया कि ग्राम जागणवाला में 33/11 केवी सब स्टेशन बनकर तैयार हो चुका है लेकिन फीडर से इन्टर कनेक्शन का कार्य शेष है। इस पर श्री कुमावत ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को अविलंब सप्लाई शुरू करने के सख्त निर्देश दिए। विभागीय टीम ने तत्काल इंटर कनेक्शन कर बिजली सप्लाई शुरू कर मौके पर ही एडीएम प्रशासन को रिपोर्ट किया। इंटर कनेक्शन का कार्य तत्काल होने पर ग्राम वासियों के चेहरों पर खुशी झलक पड़ी। एडीएम प्रशासन श्री कुमावत ने शिविर में विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान राजस्व कार्मिकों को खाता विभाजन, सीमाज्ञान इत्यादि कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। वन विभाग के कार्मिकों को शिविर में ही अधिक से अधिक पौध वितरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर श्री कुमावत ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत एक वर्षीय बालिका का जन्मोत्सव मनाते हुए चिकित्सा अधिकारियों के साथ बच्ची का जन्मदिन केक कटवाया। ग्राम पंचायत जागणवाला मे शिविर निरीक्षण के दौरान विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए श्री कुमावत ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को अधिकाधिक पशुओं के टीकाकरण करने संबंधी निर्देश दिए। विद्युत और पीएचईडी के अधिकारियों को शिविर के दौरान प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। ताकि लोगों को बारिश के मौसम में बिजली, पानी इत्यादि को लेकर किसी प्रकार की समस्या ना आए। श्री कुमावत ने ग्राम पंचायत जागणवाला शिविर में खाद्यात्र सामग्री की किट भी वितरित की गई। इस दौरान एसडीएम संदीप चौधरी, तहसीलदार बिहारी लाल रैगर, नायब तहसीलदार नितिन पुरोहित, मदन सिंह यादव, एडीएम प्रशासन के पीए शिव कुमार व्यास समेत अन्य विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सहमति से खाता बंटवारे से मिटा पारिवारिक विवाद
# सरकारी योजनाओं का अब मिल रहा पूरा लाभ

**ग्राम सुरजनसर में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा' के तहत शिविर लगा, 70 वर्षीय किसान हड़मानाराम बोले- अब समझ में आया, सहमति से काम हो तो झगड़ा नहीं प्रेम बढ़ता है**



NEXT | श्रीडूंगरगढ़

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत तहसील श्रीडूंगरगढ़ की ग्राम पंचायत सुरजनसर में लगे राजस्व शिविर ने गांव के किसान परिवारों की वर्षों पुरानी समस्याएं चुटकियों में हल कर दीं। गांव लाखनसर निवासी 70 वर्षीय किसान हड़मानाराम जाट ने बताया कि बरसों से उनके परिवार में पांच भाइयों की संयुक्त खातेदारी थी, जिस कारण फसल बीमा, पीएम किसान योजना, कृषि ऋण सहित तमाम योजनाओं के लाभ लेने में दिक्कतें आ रही थीं।

## कोई कोर्ट-कचहरी नहीं, गांव में ही निपटा मामला

हड़मानाराम ने बताया कि पहले कई बार तहसील कार्यालय जाकर खाता फटवाने की कोशिश की गई, लेकिन पारिवारिक सहमति और प्रक्रिया की उलझनों के चलते बात नहीं बन पाई। इस बार शिविर गांव में ही लगा और उपखंड अधिकारी उमा मित्तल के निर्देश पर पटवारी व राजस्व टीम ने मौके पर ही सहमति पत्र तैयार करवाया। भाइयों ने लिखित में सहमति दी और बिना किसी विवाद के खाता बंटवारा हो गया।

## "अब सबको मिलेगा अपनी जमीन पर हक और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ"

पटवारी की तत्परता से सभी भाइयों को अलग-अलग खातेदारी मिल गई। अब वे अलग-अलग कृषि योजनाओं का लाभ ले सकेंगे, बैंक से कर्ज ले सकेंगे और सब्सिडी भी सीधे खाते में आएगी। हड़मानाराम कहते हैं, "पहले लगता था खाता फटवाना मतलब झगड़ा होगा, कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगेंगे। पर आज लगा कि सरकार सही नीयत से काम करे तो गांव में ही समाधान हो सकता है।"

## मुख्य लाभ

- सभी भाइयों को अब न्यारी खातेदारी का हक मिला।
- पीएम किसान निधि, बीमा, सिंचाई और ऋण की सुविधाएं अब सीधे हर सदस्य को।
- पारिवारिक प्रेम और सौहार्द बना, आपसी विवाद की संभावना खत्म।

## "अभियान नहीं, बदलाव की शुरुआत है यह"

राजकुमार बिश्नोई ने बताया कि गांववासियों ने राजस्थान सरकार के इस पहल की सराहना की और कहा कि यह अभियान नहीं, आमजन तक अधिकारों की पहुँच का एक ठोस प्रयास है। हड़मानाराम कहते हैं "आज मनचाही हो गई...सरकार की मेहरबानी है...जो बरसों में नहीं हुआ, वो अब कुछ घंटों में हो गया।"



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - ब्यावर

–:: समाचार कतरन –10 जुलाई, 2025 ::–

पत्रिका

लाएं



की थी।
में जुट गए
ज चौधरी
डी फसलों
ड़काव की
पानीखेड़ा
की फसल
।

# ग्रामीणों ने बताईं समस्याएं, मिली राहत


ब्यावर



बिजयनगर


मसूदा


मांगलियावास

**ब्यावर @ पत्रिका.** पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत लोटियाना में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विधायक शंकरसिंह रावत, तहसीलदार हनुत सिंह रावत, टॉडगढ़ तहसीलदार, लोटियाना सरपंच मीना चौहान सहित विभागीय अधिकारी ने ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया। शिविर में नामांतरण, बंटवारा, सीमाज्ञान आदि प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कर राहत दी गई। शिविर के बाद पौधरोपण भी किया गया।

**बिजयनगर @ पत्रिका.** पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत बुधवार को समीपवर्ती बाड़ी व हनुतिया ग्राम पंचायत मुख्यालय पर विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत की अध्यक्षता में शिविर आयोजित हुए। शिविर में विधायक कानावत नेलोगों की समस्याएं सुनी तथा अधिकारियों को इनके निस्तारण के निर्देश दिए। शिविर में बिजयनगर तहसीलदार रामकिशोर जांगिड़, रामगढ़ भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्रीराम जाट, भाजपा नेता जगदेव सिंह राठौड़, ओमप्रकाश पांडया आदि ने सहयोग किया।

## शिविर का निरीक्षण कर लगाए पौधे

**मांगलियावास.** पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को ग्राम पंचायत तबीजी में शिविर का आयोजन हुआ। जिला कलक्टर लोकबंधु ने शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी व अधिकारियों को प्रकरणों का मौके पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत प्रशासक राजेंद्र गैना ने कलक्टर का माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया। ममता प्रजापत ने उपखंड अधिकारी पदमा चौधरी का माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर तथा मुन्नालाल गैना ने तहसीलदार ओम सिंह लखावत का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

शिविर के दौरान कलक्टर ने स्कूल प्रांगण में पौधरोपण भी किया। तहसीलदार लखावत ने बाबा रामदेव गोशाला तबीजी का निरीक्षण किया। सरपंच गैना ने कलक्टर को ज्ञापन सौंप तबीजी में नगरीय बस परिवहन सेवा बहाल करने, ग्राम सेवा सहकारी समिति में व्यवस्थापक नियुक्त करने तथा उक्त समिति में डीएपी यूरिया उर्वरकों की सप्लाई करवाने, बालिका विद्यालय में विज्ञान संकाय में गणित तथा कृषि संकाय खुलवाने एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान संकाय में गणित विषय तथा कला संकाय में इतिहास, भूगोल विषय खुलवाने की मांग की। कृषि विभाग की ओर से 11 किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड तथा दो कृषकों को ढैंचा बीज मिनीकिट का वितरण किया गया। शिविर में नायब तहसीलदार जयप्रकाश रोमन, अतिरिक्त पंचायत प्रसार अधिकारी श्याम सुंदर चचावा, गिरदावर प्रताप जाट आदि ने सहयोग किया।

## शिकायत पत्र फाड़ने का आरोप



पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को ग्राम तबीजी में शिविर आयोजित हुआ। जानकारी के अनुसार इसमें तबीजी के किसानों की ओर से कृषि पर्यवेक्षक के विरुद्ध शिकायत सौंपी गई। इसमें कृषि पर्यवेक्षक पर कई आरोप लगाए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि परिवाद जब सहायक कृषि अधिकारी पी. एन. सिंह के पास पहुंचा तो सरपंच राजेंद्र गैना ने नाराजगी ताई एवं शिकायत को कथित रूप से फाड़ दिया। इससे किसानों में रोष उत्पन्न हो गया। इसके बाद भंवरलाल सोनी और उप सरपंच सोभाग गैना ने किसानों का शिकायत पत्र कैंप प्रभारी को सौंपा।



पत्रिका

# शिविर में हो रहे ग्रामीणों के काम, मिल रहा योजनाओं का लाभ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com







**ब्यावर.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत सुहावा में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई। राजस्व विभाग की ओर से सहमति से 2 बंटवारा एवं 18 ग्रामीणों को पट्टे जारी किए गए। इसके अलावा स्वामित्व योजना कार्ड, पेंशन आवेदन, नाम शुद्धि की गई।

शिविर में प्रभारी नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह राणा, चैतन्य प्रकाश पारीक, पटवारी अभिषेक मीणा, राहुल गवारिया, सरपंच पदम सिंह, वीडीओ अरुण शर्मा सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। कैंप में पौधरोपण कर ग्रामीणों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। नवप्रवेशित विद्यार्थियों का अभिनंदन कर पोषण किट वितरित किए गए।

**भिनाय @ पत्रिका.** एकलसिंहा व सिंगावल में मंगलवार को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविरों में योजना में पात्र लाभार्थियों को मौके पर राहत प्रदान की गई। शिविर में सीमाज्ञान, पत्थरगढी, नामान्तकरण, रास्ता विवाद, बंटवारा आदि के प्रकरणों का निस्तारण किया गया। शिविर में पशुओं की चिकित्सा, टीकाकरण आदि भी किया गया। इसी तरह विद्युत, जलदाय, वन, खाद्य, चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों से जुड़े कार्य निष्पादित कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई गई। शिविर में प्रधान सम्पतराज लोढ़ा, उपखण्ड अधिकारी सुनिल कुमार झिंगोनियां, बीडीओ अर्जुन सिंह शेखावत, पंचायत प्रशासक हरिराम जाट सहित की अन्य मौजूद थे।

दैनिक भास्कर

ब्यावर 10-07-2025

के कारण एंबुलेंस को रास्ता नहीं लिए लगाया जाता है तो अक्सर है।

# शिविर में 2 पट्टे, 5 जॉब कार्ड बांटे गए

भास्कर न्यूज | मसूदा

ग्राम पंचायत शिवनगर, हनुतिया और बाड़ी में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर लगे। हनुतिया और बाड़ी में विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत पहुंचे। उनके साथ उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत, तहसीलदार राम किशोर शर्मा, विकास अधिकारी संदेश पाराशर और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। विधायक कानावत ने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शिवनगर में लगे शिविर में राजस्व विभाग ने 2 बंटवारे, 27 नामांतरण, 202 नकल, 12 शुद्धि और 2 रास्तों का निस्तारण किया। पशुपालन विभाग की ओर से रामगढ़ उपकेंद्र प्रभारी अशोक कुमार सेन ने 84 बड़े और 150 छोटे पशुओं की जांच की। ग्राम पंचायत ने 2 पट्टे और 5 जॉब कार्ड बांटे।



मसूदा. शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को लाभान्वित करते कर्मचारी।

महिला एवं बाल विकास विभाग ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत एक बालिका का जन्मदिन केक काटकर मनाया। मौके पर भू अभिलेख निरीक्षक प्रदीप त्रिपाठी, ग्राम सेवक गोमती कुमारी, पटवारी टीकमचंद, कृषि पर्यवेक्षक सीता गुर्जर, कनिष्ठ सहायक अमर सिंह गुर्जर, सरपंच कैलाश मेघवंशी, उपसरपंच पुखराज गुर्जर, वार्ड पंच गंगाराम गुर्जर, धर्मा गुर्जर, कानाराम गुर्जर और समाजसेवी मुकेश मेघवंशी मौजूद थे।

दैनिक भास्कर ब्यावर 10-07-2025



# ग्रामीणों को मिला सरकारी योजनाओं का लाभ

भास्कर न्यूज़ | बांदनवाड़ा



देवपुरा में बुधवार को पंडित दीनदयाल अंत्योदय पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया गया। यह शिविर पंचायत क्षेत्र के सभी राजस्व गांवों के लिए आयोजित हुआ। इसके साथ पखवाड़े का समापन हुआ।

शिविर में विद्युत, कृषि, सार्वजनिक निर्माण, पशुपालन, चिकित्सा और वन विभाग के अधिकारी भी शामिल हुए। ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। बिजली, कृषि, पीएचईडी, पशुपालन, चिकित्सा और वन विभाग से जुड़ी शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। कई मामलों में तुरंत कार्रवाई की गई। जरूरतमंदों को एसडीएम स्तर से पात्रता के अनुसार सहायता दी गई। शिविर में 5 ग्रामीणों को पट्टे वितरित किए गए। एसडीएम ने जरूरतमंदों को निक्षय पोषण किट भी दी।

पखवाड़े के समापन पर विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने कहा कि ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविर में एसडीएम सुनील कुमार झिंगोनिया, बीडीओ अर्जुन सिंह शेखावत, अतिरिक्त विकास अधिकारी अजीत कावड़िया, नायब तहसीलदार शेमेन्द्र कुमार, भिनाय प्रधान सम्पतराज लोढ़ा, सरपंच रजनीश मेघवंशी, रामस्वरूप मेघवंशी, सचिव मनोज पथरिया, गिरदावर शंकर मुनोथ, चेतन सिंह, पटवारी भूपेंद्र सिंह राठौड़ और सीताराम जाट, गोविंद राम मौजूद रहे।

## शिविर में समस्याएं सुनीं, 150 मामलों का निपटारा

बघेरा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय सम्बल पखवाड़े के तहत बुधवार को बघेरा में समस्या समाधान शिविर लगाया गया। शिविर में उपखंड अधिकारी सुभाष चंद्र हिमानी की मौजूदगी में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। मौके पर ही कई मामलों का समाधान किया गया। शिविर में 42 सीमा ज्ञान, 24 पत्थर गढ़ी, 17 बंटवारे, 16 रास्तों और 51 नामांतरण के कुल 150 मामलों का निस्तारण किया गया। चिकित्सा विभाग ने 61 मरीजों की जांच की। सभी को निशुल्क दवाएं दी गईं। 6 गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल भेजने की सलाह दी गई। ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी संजय शर्मा ने क्षय रोग से बचाव का संदेश दिया। पंचायत राज विभाग ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 10 लाभार्थियों का सत्यापन किया। तहसीलदार बंटी राजपूत, नायब तहसीलदार भोपाल सिंह मीना, सरपंच लालाराम जाट, भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण गुर्जर, रामलाल चौधरी, गिरदावर बाबूलाल मीणा, पटवारी जीवराज वर्मा, बबलू महावर, भूपेंद्र कुमार, भीमसेन आचार्य, गोपी प्रजापत, हेमराज यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।



प्रदेश में

# पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - फलोदी

–:: समाचार कतरन – 10 जुलाई, 2025 ::–

पत्रिका

राहत | बीपीएल परिवारों का चयन कर योजनाओं का लाभ दिलाएं

# अंत्योदय संबल पखवाड़ा : शिविर में ग्रामीणों ने बताई समस्याएं



**लोहावट.** विश्नावास में शिविर में समस्याए बताते हुए लोग।



**देचू.** देचू में शिविर में मौजूद तहसीलदार।



फलोदी- पौधरोपण करते हुए। पत्रिका

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लोहावट @ पत्रिका.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को लोहावट विश्नावास ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याएं बताई तथा मांगे भी रखी। शिविर प्रभारी विकास अधिकारी नारायण सुथार, सरपंच सत्यनारायण विश्नोई की मौजूदगी में आयोजित शिविर में ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सडक़ तथा कस्बे में नई सड़क पर बरसात का पानी तालाब रुप में जमा रहने से हो रही परेशानी सहित कई समस्याओं से अवगत करवाया। इसके साथ ही विभिन्न मांगे भी रखी। शिविर के दौरान एनएसएफए में ई-केवाईसी करने, आधार सीडेड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, चिकित्सा, पशुपालन सहित कई विभागों के कार्य हुए तथा पौधों का वितरण किया गया।

शिविर में जिपस गोपाराम मेघवाल, पूर्व जिपस लाधूराम ढाका, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष शांतिलाल शर्मा, पूर्व उप सरपंच ललित जैन, सहायक विकास अधिकारी माणकलाल पालीवाल, ग्राम विकास अधिकारी भूराराम चौधरी, अनिल कुमार विश्नोई, पटवारी सूरजभान सहित कई विभागों के कार्मिक मौजूद रहें। (निसं)

## पौधरोपण के साथ संबल पखवाड़ा शिविर का हुआ समापन

**फलोदी @पत्रिका.** पण्डित दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत दिनांक 24 जून से शुरू हुए शिविर के तहत बुधवार को कुण्डल एवं खीचन में शिविर आयोजित किए गए। कुण्डल में आयोजित शिविर में हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत एक पेड़ माँ के नाम अभियान का आगाज ग्राम पंचायत परिसर में विकास अधिकारी ललित कुमार गर्ग, नायब तहसीलदार गिरिराज विजय, सहायक विकास अधिकारी प्रेमरतन दवे ने किया। ग्राम विकास अधिकारी भूराराम ने बताया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में 18 सौ पौधों का रोपण किया। विकास अधिकारी गर्ग ने बताया कि सभी ग्राम पंचायत में आयोजित शिविरों में बीपीएल सेंशस 2002 में चयनित परिवारों का सर्वे किया जाकर उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा योजना में नए परिवारों का चयन किया गया। वर्षा जल संरक्षण अंतर्गत कार्य करवाए गए। शिविर में पटवारी अशोक गर्ग, कनिष्ठ सहायक हरीश व्यास, ताहिर खान, बसंत सेवग, पिंटू भाटी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

### शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**देणोक @पत्रिका.** क्षेत्र के श्रीकृष्णनगर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर बुधवार को पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों की कई समस्याओं का हाथोंहाथ निस्तारण हुआ।

शिविर प्रभारी राजबहादुर सिंह नायब तहसीलदार आऊ ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप अंतिम पंक्ति पर खड़े हर जरूरतमंद व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, तभी शिविर सार्थकता सिद्ध हो पाएगी। उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप व अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए उनका अधिकाधिक फायदा लेने की बात कही।

इस मौके पर अनोपसिंह जोधा, विकास अधिकारी धीरेन्द्र प्रताप सिंह , ग्राम विकास अधिकारी हरीश चौधरी, रामेश्वर लाल मेघवाल, पटवारी कुम्मन सिंह मीणा, देवाशीष मीणा, एएनएम सीमा विश्नोई मौजूद रहे।

## देचू में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर आयोजित

**देचू @ पत्रिका.** राजस्थान सरकार द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर के तहत बुधवार को पंचायत समिति देचू की ग्राम पंचायत में आयोजित किया गया। तहसीलदार निरभाराम कोडेचा ने शिविर व राजस्थान सरकार की योजनाओं को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई।

शिविर में राशन कार्ड में नाम जोड़ने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में नाम जोड़ने, बिजली का बिल ठीक करवाने, कृषि विभाग की ओर से बाजरा बीज वितरण करने, नामान्तरण, शुद्धीकरण करने, जमीन बंटवारा, रास्ता खुलवाने सहित अन्य जनहित के कार्य किया गया। इस दौरान पटवारी बलदेव विश्नोई, सरपंच भवानीसिंह, डॉ.नवीन छाजेड़, सहायक अभियंता भरत सिंह, जीएसएस व्यवस्थापक मांगीलाल, उपसरपंच अचलाराम, प्रधानाचार्य मोहनलाल देवासी सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## 20 वर्षों से संयुक्त खातेदारी खसरे का हुआ आपसी सहमति से विभाजन

**आऊ @ पत्रिका.** उपखंड क्षेत्र के चाडी गांव में बुधवार को आयोजित शिविर में ग्राम चाडी के खसरा 2162 में आपसी सहमति से बीस साल बाद किसानों में बंटवारा हुआ।

काश्तकारों ने सहमति से बंटवारा करवाने के लिए शिविर प्रभारी तहसीलदार आऊ हातिम खान के समक्ष आवेदन पेश करने पर तहसीलदार ने तुरंत हल्का पटवारी चन्दन सिंह को मौके पर काबिज अनुसार विभाजन प्रस्ताव तैयार करवा कर सहमति से बंटवारा करवाया। इस दौरान खातेदार देवाराम, जेठाराम, राणाराम, मोहनी, भोमाराम भील ने सरकार की इस योजना का लाभ लिया। शिविर में सरपंच राम सिंह राठौड़ पंचायत समिति सदस्य बगड़ावत राम बिश्नोई सहित ग्रामीण मौजूद रहे। निप्र.

दैनिक भास्कर
जोधपुर/फलोदी भास्कर 10-07-2025

# अंत्योदय संबल पखवाड़े का समापन, शिविर आयोजित

## 24 जून से आयोजित जनकल्याणकारी शिविरों में समस्याओं को समाधान हुआ, पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित

भास्कर न्यूज़ | फलोदी

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत 24 जून से शुरू हुए जनकल्याणकारी शिविरों का समापन बुधवार को कुण्डल और खीचन ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों के साथ हुआ। कुण्डल शिविर में \'एक पेड़ मां के नाम\' अभियान की शुरुआत करते हुए बीडीओ ललित कुमार गर्ग, नायब तहसीलदार गिरिराज विजय एवं प्रेम रतन दवे ने ग्राम पंचायत परिसर में पौधरोपण किया। इस अवसर पर सघन वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। विकास अधिकारी भूराराम ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में कुल 1800 पौधे लगाए जाएंगे, जिनके संरक्षण की जिम्मेदारी स्थानीय समुदाय को दी जाएगी।

**योजनाओं का लाभ दिलाने के प्रयास |** विकास अधिकारी गर्ग ने बताया कि शिविरों में बीपीएल जनगणना 2002 के अंतर्गत चयनित परिवारों का सर्वे कर उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया गया। भारतीय सर्वेक्षण विभाग से प्राप्त 17 गांवों में प्रॉपर्टी स्वामित्व का चिन्हीकरण किया गया। शिविर में पटवारी अशोक गर्ग, कनिष्ठ सहायक हरीश व्यास, ताहिर खान, बसंत सेवग, पिंटू भाटी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस समापन अवसर पर ग्रामीणों ने सरकार की जनहितकारी योजनाओं को ग्राम स्तर तक पहुंचाने के प्रयासों की सराहना की।


लोहावट


फलोदी

**लोहावट|** पंचायत मुख्यालय पर बुधवार को पं दीनदयाल उपाध्याय संबल अंत्योदय पखवाड़े शिविर का समापन हुआ। विश्नावास ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में प्रभारी बीडीओ नारायण सुथार की उपस्थिति में आयोजित शिविर में आमजन को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। सरपंच सत्यनारायण विश्नोई ने बताया कि शिविर में राजस्व कार्य लंबित, पत्थर गढी,सीमा ज्ञान, प्रकरणों का निस्तारण,लंबित रास्ते का विवाद गरीबी उन्मूलन सहित खाद्य सुरक्षा अन्य कार्यों से संबंधित कार्य किए गए। इस दौरान गोपाराम मेघवाल, लादूराम ढाका, भूराराम हुड्डा, ललित जैन आदि मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि गुरुवार को राज्य सरकार के निर्देश अनुसार पंचायत समिति सभागार में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें समस्त विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगी।

**आसोप|** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत बुधवार को आसोप क्षेत्र के नाड़सर, रामपुरा और बासनी खुर्द गांवों में जनसेवा शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में तहसीलदार खरताराम चौधरी और विकास अधिकारी ओमप्रकाश जाखड़ की मौजूदगी में विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया और लाभार्थियों को त्वरित सहायता उपलब्ध करवाई गई। नाड़सर के सरपंच रामभरोसी रामप्रकाश जलवानिया ने बताया कि ग्रामीण केशाराम नायक द्वारा बिजली खंभों की दूरी अधिक होने और तारों के ढीले होने की समस्या उठाई गई, जिस पर सहायक अभियंता उगमाराम चौधरी के निर्देशन में कर्मचारियों ने तुरंत कार्यवाही कर समस्या का समाधान कर दिया। बासनी खुर्द की सरपंच परमा सोहनराम फड़ौदा, रामपुरा की सीतादेवी चन्वेल और नाड़सर के सरपंच रामभरोसी रामप्रकाश जलवानिया ने पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

**देचू|** ग्राम पंचायत देचू में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान तहसीलदार निरभाराम कोडेचा, सरपंच भवानी सिंह, सहायक अभियंता भरतसिंह, मांगीलाल, बलदेव विश्नोई, संतोष भारती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व अधिकारी मौजूद थे।

**जगाड़ी|** राज्य सरकार द्वारा आमजन को उनके द्वार पर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और प्रशासनिक सेवाओं की पहुंच आसान बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत पांचला खुर्द में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत 9 जुलाई 2025 को एक दिवसीय फॉलोअप शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में विधवा पेंशन योजना की लाभार्थी गोमती देवी ने बताया कि तकनीकी कारणों से बीते छह माह से उनकी सामाजिक सुरक्षा पेंशन का वार्षिक सत्यापन नहीं हो पा रहा था। इस पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधीक्षक रविंद्र सारण ने त्वरित संज्ञान लेते हुए राज SSP एप के माध्यम से मौके पर ही पेंशन सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करवाई और उन्हें शीघ्र पेंशन भुगतान की जानकारी दी। इसके साथ ही गोमती देवी के विद्यालय में अध्ययनरत दो बालकों को भी पालनहार योजना से लाभान्वित किया गया। अपनी समस्याओं के समाधान से संतुष्ट गोमती देवी ने राज्य सरकार का आभार प्रकट किया। शिविर में सरपंच उषा चौधरी, ओमप्रकाश जाणी, पन्नाराम, किसनाराम, गुल्लाराम, विश्नाराम सहित विभिन्न विभागों के कार्मिक और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**श्री लक्ष्मणनगर|** क्षेत्र के चाडी गांव में बुधवार को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत वर्षों से लंबित एक संयुक्त खातेदारी विवाद का समाधान हुआ। ग्राम चाडी के खसरा नंबर 2162 में बीस वर्षों से संयुक्त खातेदारी चल रही थी, जिसका बुधवार को आपसी सहमति से सफलतापूर्वक विभाजन किया गया। यह बंटवारा काश्तकारों द्वारा तहसील शिविर में तहसीलदार आऊ हातिम खान के समक्ष प्रस्तुत आवेदन के आधार पर किया गया। तहसीलदार ने हल्का पटवारी चन्दन सिंह को मौके पर भेजा और उनकी रिपोर्ट के आधार पर सहमति से खातेदारी का विभाजन करवा दिया गया। इस बंटवारे से देवाराम, जेठाराम, राणाराम, मोहनी, भोमाराम भील सहित अन्य खातेदारों को राहत मिली और उनके चेहरों पर संतोष और खुशी देखने को मिली। इस अवसर पर सरपंच रामसिंह राठौड़, बगड़ावत राम बिश्नोई, रविराज सिंह भाटी, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, महेन्द्र बिडियासर, सुरेश विश्नोई सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

**श्री लक्ष्मणनगर|** श्रीकृष्णनगर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर बुधवार को पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत आयोजित प्रशासनिक शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में ग्रामीणों की कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जिससे लोगों के चेहरे पर संतोष और प्रसन्नता नजर आई। प्रभारी राजबहादुर सिंह ने ग्रामीणों व अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचे। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

इस मौके पर अनोपसिंह जोधा ने कहा कि हर जरूरतमंद व्यक्ति को योजनाओं से जोड़ने के साथ अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखरेख भी की जानी चाहिए। शिविर में विकास अधिकारी धीरेंद्र प्रताप सिंह, हरीश चौधरी, रामेश्वरलाल मेघवाल, कुम्मन सिंह मीणा, देवाशीष मीणा, सीमा विश्नोई सहित कृषि, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पशुपालन, सामाजिक सुरक्षा, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी व जोधपुर विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया और ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलवाने में सहयोग किया।



प्रदेश में

# पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - जालौर

–:: समाचार कतरन –10 जुलाई, 2025 ::–

जागरूक टाइम्स

epaper.jagruktimes.co.in
Sirohi - 10 Jul 2025 - Page 2

# शिविर में दी योजनाओं की जानकारी, समस्याओं का किया निबटारा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**मुड़तरा सिली।** थूर गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी नीरज कुमारी एवम् शिविर की व्यवस्था प्रभारी ग्राम विकास अधिकारी कानाराम जाखड़ थे। शिविर के मुख्य अतिथि ठा. जितेंद्रसिंह थे। शिविर मे सरकार के सभी विभागों के अधिकारी एवम् कर्मचारी राजस्व विभाग बगदाराम, नायब तहसीलदार, चंद्रप्रकाश सैन आरआई, भंवरी कुमारी पटवारी, रेखा कुमारी पटवारी शिक्षा विभाग के दिलीप कुमार प्रजापत, ऊर्जा विभाग रविन्द्र माली, सहायक अभियंता डिस्कॉम रामसीन राजकुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। शिविर में हर विभाग की सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का व्यापक प्रसार प्रचार किया गया। शिक्षा विभाग में दिलीप कुमार प्रजापत ने आपकी बेटी योजना गार्गी पुरस्कार, इंद्रा प्रियदर्शनी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन, मुख्यमंत्री हमारी बेटी योजना निःशुल्क साईकिल वितरण योजना, पालनहार योजना, मध्यान्ह भोजन योजना, राजश्री योजना एवम् नव प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की जानकारी दी। खाद्य विभाग के शंभूसिंह राठौड़ ने केवाइसी अपडेट, आधार अपडेट, गैस आदि की जानकारी उपलब्ध करवाई। एडवोकेट पहाड़सिंह राठौड़ ने सभी विभागो के अधिकारी एवम् कर्मचारी साथियों को आदर्श गांव थूर में लोगों को शिविर में राहत देने का निवेदन किया। शिविर में आदर्श गांव के जवसिंह राठौड़, हरीसिंह, अर्जुनसिंह परमार, भंवरसिंह चौहान, कालूराम सुथार, रफाराम, राजेन्द्र मेघवाल आदि उपस्थित हुए और शिविर की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान 16 ग्राम पंचायतों में हुए शिविर

## केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से ग्रामीण हुए लाभांवित

स्व मीडिया

जालोर। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान बुधवार को 16 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाकर ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

### इन ग्राम पंचायतों में आयोजित हुए शिविर, योजनाओं से ग्रामीणों को किया गया लाभांवित

पखवाड़े के दौरान बुधवार को जालोर उपखण्ड की बाकरा, बैरठ व बालवाड़ा, आहोर उपखण्ड की भीरवा व भाद्राजून, बागोड़ा उपखण्ड की कालेटी, जसवंतपुरा उपखण्ड की धूर व सेरणा, रानीवाड़ा उपखण्ड की धानोल, जाखड़ी व रतनपुर, चितलवाना उपखण्ड की चितलवाना व होतीगांव तथा सांचौर उपखण्ड की पुराडपुरा, कोड़ व अचलपुर ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान लंबित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरण का निस्तारण, स्वामित्व पट्टों का



वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य किए गए। वहीं रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और कृषि विभाग द्वारा बीज वितरण, बिजली विभाग द्वारा झूलते तारों को खिंचवाने व विद्युत पोल समस्याओं का निस्तारण और वन विभाग द्वारा हरियाली राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण किया गया। शिविरों में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, ऊर्जा, जलदाय, कृषि, वन, खाद्य, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, सामाजिक न्याय व अन्य विभागों की जनोपयोगी सेवाओं से ग्रामीणों को लाभांवित किया गया।





### 55 वर्ष बाद 113 खातेदारों के मध्य हुआ बंटवारा, अब खातेदारों के हो सकेंगे राजस्व संबंधी कार्य

पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान जालोर उपखण्ड की बैरठ ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में 55 वर्ष बाद 113 खातेदारों के मध्य आपसी सहमति से खातेदारी भूमि का बंटवारा करवाया गया। ग्राम बैरठ में खाता संख्या 31, खसरा नं. 238 से 241 कुल रकबा 5.13 हैक्टेयर में 55 वर्ष से खातेदारों के मध्य बंटवारा नहीं होने से उन्हें राजस्व संबंधी कार्यों में परेशानी हो रही थी। शिविर में पटवारी जितेन्द्र दवे द्वारा जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित के संज्ञान में प्रकरण लाए जाने पर उन्होंने सभी काश्तकारों को बुलाकर राजी खुशी आपस में बंटवारा करने के लिए सहमति बनाई। तत्पश्चात उन्होंने शिविर प्रभारी रमेश कुमार प्रजापत व पटवारी जितेन्द्र दवे, संजय कुमार व श्रीमती मंजू कुमारी को बंटवारा दस्तावेज तैयार करने के निर्देश दिए। भू-अभिलेख निरीक्षक पिन्टू कुमारी व रमेश कुमार ने 113 सहखातेदारों का बंटवारा पेश किया जिसे जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित ने स्वीकृति देते हुए सहखातेदारों के नाम अलग-अलग नामान्तरण खोलने के निर्देश दिए।

### प्रशासन ने 33 वर्ष से बंद रास्ते को खुलवाया, ग्रामीणों को मिली राहत

पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के दौरान मंगलवार को आंवलोज ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में ग्रामीणों ने जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित के समक्ष 33 वर्ष से बंद रास्ते को खुलवाने को लेकर परिवाद प्रस्तुत किया। जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित के निर्देशन में बुधवार को भू-अभिलेख निरीक्षक ज्ञानेश त्रिपाठी व पटवारी अरविन्द सिंह मय टीम ने आंवलोज ग्राम में खसरा नं. 38 से लगते हुए 33 वर्ष से बंद रास्ते को खुलवाया जिससे पीड़ित लोगों को राहत मिली।

उपस्थित रहे।

# बाकरा में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर के दौरान जन सुरक्षा कैंप का हुआ आयोजन, ग्रामीणों को बैंकिंग योजनाओं की जानकारी देकर किया लाभांवित

सच मीडिया

जालोर । पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाडे के दौरान जालोर उपखण्ड की बाकरा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही लाभान्वित करने के लिए जन सुरक्षा कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में जिला अग्रणी बैंक,




जालोर के मुख्य प्रबंधक रमेश कुमार व आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग जालोर के उपनिदेशक डॉ. धनसिंह राजपुरोहित ने निरीक्षण किया। जन सुरक्षा कैंप में क्रिसिल फाउंडेशन वित्तीय साक्षरता केंद्र सायला के सेंटर मैनेजर नेमाराम, राजस्थान ग्रामीण बैंक से सहायक प्रबंधक बाबूलाल और जिला अग्रणी बैंक जालोर के असिस्टेंट अर्जुन कुमार उपस्थित रहे। इस कैम्प में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जन धन योजना के खातों में री-केवाईसी पीएम जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देने के साथ ही ग्रामीणों को इन योजनाओं से जोड़ा गया। शिविर में 15 ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और 5 ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जोड़ा गया।

दैनिक भास्कर

जालोर/सांचौर भास्कर 10-07-2025

# बैरठ शिविर : आपसी सहमति से 111 लोगों की शामिल जमीन का बंटवारा

बाकरागांव | बैरठ व कलापुरा गांव में बुधवार को ग्राम पंचायत में संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत बैरठ में शिविर हुआ। इस मौके पर पटवारी जितेंद्र दवे ने बताया कि जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित, सायला प्रधान ढोमी देवी राजपुरोहित, सरपंच छैल सिंह राजपुरोहित व आरआई रमेशकुमार प्रजापत समेत विभिन्न विभाग के कई अधिकारियों की मौजूदगी में आपसी सहमति से 111 लोगों की शामिल जमीन का बंटवारा किया, 2 कृषि भूमि का बंटवारा, 9 म्यूटेशन व 15 नाम शुद्धिकरण समेत कई कार्य किए। इस मौके बड़ी संख्या में प्रशासन से अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे

दैनिक भास्कर

जालोर/सांचौर भास्कर 10-07-2025

मार्गदर्शन • पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का आयोजन

# 45 साल पुरानी कृषि भूमि का विवाद सुलझाया



नोरवा में दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर लगाया गया।

भास्कर न्यूज़ | माधाजून

निकटवर्ती ग्राम पंचायत नोरवा में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर हुआ। शिविर की अध्यक्षता रमेश सिंह राजपुरोहित ने की। शिविर में नोरवा गांव की 45 साल पुरानी कृषि भूमि के बंटवारे का विवाद सुलझाया। आपसी सहमति से बंटवारा कर 4 पट्टे बांटे। डिस्कॉम ने पुराने और जर्जर पोल हटाकर नए पोल लगाने के निर्देश दिए। चिकित्सा विभाग ने 100 लोगों की ओपीडी की। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। विकास अधिकारी बाबू सिंह जेतपुर, ग्राम पंचायत प्रशासक, नोरवा ग्राम प्रशासक बागाराम परमार, पटवारी सुरेश सियाग, रामपाल सिंह, गोविंद मीणा, सुरेन्द्रपाल सिंह समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संबल पखवाड़े शिविर में प्रकरणों के निस्तारण

मुडतरासिली | ग्राम पंचायत थूर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के अंतर्गत बुधवार को राजीव गांधी सेवा केंद्र थूर में जसवंतपुरा तहसीलदार नीरजा कुमारी के अध्यक्षता में शिविर का आयोजन हुआ। जसवंतपुरा नायब तहसीलदार बगदाराम राणा ने बताया कि शिविर में 10 सीमा ज्ञान, 10 लंबित नामांतरणों का निस्तारण, पंचायती राज 16 पेंशन सत्यापन, 48 खाद्य-सुरक्षा आवेदन स्वीकृत, चिकित्सा विभाग से 26 टीबी रोग पहचान सहित आदि प्रकरणों के निस्तारण किया। 400 पौधे बांटे गए।

## अचलपुर में 101 वर्षीय वृद्धा की पेंशन पुनः शुरू करवाई

सांचौर | ग्राम पंचायत अचलपुर में संबल शिविर हुआ। 101 वर्षीय तुलसीदेवी की महीनों से बंद पेंशन की जानकारी मिलते ही शिविर प्रभारी ने सामाजिक कल्याण विभाग की टीम को वृद्धा के घर भेजा। सत्यापन कर पेंशन चालू कराई। राजस्व विभाग ने 11 प्रकरणों का निस्तारण किया, पंचायती राज विभाग ने 4 पट्टे बांटे, पशुपालन विभाग ने 3 पशुओं का बीमा किया, चिकित्सा विभाग ने 1 आयुष्मान कार्ड दिया, जबकि कृषि विभाग ने 8 मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे।

## धानोल में शिविर लगाया, 5 शौचालय स्वीकृत किए

रानीवाड़ा | पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत विभिन्न गांवों में शिविर का आयोजन किया। शिविर प्रभारी हेमलता बिश्नोई ने बताया कि शिविर में पांच पट्टे, स्वच्छ भारत मिशन के तहत 5 शौचालय स्वीकृति, एक पात्र महिला का पेंशन सत्यापन वही तीन व्यक्तियों को पेंशन योजना से जोड़ा गया। स्वामित्व योजना में 20 लोगों को लाभान्वित किया जिनको प्रॉपर्टी कार्ड दिया। राजस्व विभाग की ओर से एक बंटवारा, एक रास्ता खोलना के मामले को निपटाया।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - श्रीगंगानगर

—:: समाचार कतरन —10 जुलाई, 2025 ::—

# विद्या देवी को मिला आवासीय पट्टे का लाभ

श्रीगंगानगर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार प्रारम्भ किये गये पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा गरीब परिवारों के लिये वरदान साबित हो रहा है। कुछ परिवार ऐसे है, जो दशकों से अपने व्यक्तिगत कार्य होने के इंतजार में थे लेकिन नहीं हो पाया। भला हो इस सरकार का कि इस प्रकार का पखवाड़ा आयोजित कर घर बैठे अनेकों परिवारों को लाभान्वित किया है, जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान देखने को मिल रही है।

श्रीगंगानगर जिले की ग्राम पंचायत 4 जेड में आयोजित शिविर के दौरान विद्या देवी पत्नी श्री भगवानाराम ने उपस्थित होकर शिविर प्रभारी को प्रार्थना पत्र दिया कि मेरे परिवार के पास बहुत पुराना आवास है, जिसमें हम निवास कर रहे हैं लेकिन आवासीय पट्टा नहीं होने के कारण हमें योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। शिविर प्रभारी ने मौके की जांच व रिपोर्ट करवाकर प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत विद्या देवी को आवासीय पट्टा प्रदान किया। विद्या देवी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आवासीय पट्टा बनने से मुझे विभिन्न प्रकार की योजनाओं व बैंक से सहायता प्राप्त कर सकती हूॅ। उसने सरकार व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# कलावती को मिला प्रधानमंत्री आवास पक्के मकान की चाबी प्राप्त कर सरकार को दी दुआएं

श्रीगंगानगर। भारत सरकार व राजस्थान सरकार द्वारा एक अभियान के तौर पर गरीबी की रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे परिवारों को उपर उठाने का चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। राजस्थान में भी 5 हजार से अधिक गांवों को गरीबी से मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रत्येक गरीब व्यक्ति का सपना है कि उसके पास पक्का मकान हो, जिसमें वह अपने परिवार, बच्चों सहित अपना जीवन गुजार सके, लेकिन गरीबी एक ऐसी पीड़ा है, जो सपनों को पूरा नहीं होने देती।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रत्येक गरीब को पक्की छत देने का जो कार्यक्रम हाथ में ले रखा है, उसी के अनुरूप गरीबों को निरन्तर प्रधानमंत्री आवास योजना में पक्के मकान दिये जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से गरीबों को बड़ी संख्या में पक्के आवास देकर गांवों की फिजा बदल दी गई है। इसी प्रकार पंचायत समिति पदमपुर की ग्राम पंचायत जीवनदेसर में आयोजित शिविर के दौरान लाभार्थी कलावती पत्नी भालाराम ने प्रार्थना पत्र दिया कि मुझे पक्के मकान की आवश्यकता है। शिविर प्रभारी ने प्रार्थना पत्र पर अमल करते हुए कार्यवाही पूरी कर लाभार्थी कलावती को प्रधानमंत्री आवास में निर्मित पक्के मकान की चाबी सौंपकर गृह प्रवेश करवाया। कलावती देवी का परिवार पक्का मकान मिलने से बेहद प्रसन्न है तथा उसने बताया कि मेरे जीवन का सबसे बड़ा सपना प्रधानमंत्री ने पूरा कर दिया है।

ग्राम पंचायत 3 सी छोटी में शिविर का आयोजन किया

# वर्षों से लम्बित समस्याओं पर तत्काल कार्यवाही से मिली राहत

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।**



श्रीगंगानगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 3 सी छोटी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अमनदीप सिंह पुत्र गुरनाम सिंह चक 5 सी छोटी खाता संख्या 83/62 निवासी 5 सी छोटी ने प्रार्थना पत्र दिया। उसने बताया कि 6 वर्ष पहले बैंक ऋण जमा करवा दिया था, लेकिन अभी तक जमाबंदी में बैंक का नाम दर्ज है, उसे हटाया जाए। पटवारी हलका सुमित कंवर ने रिकॉर्ड जांच कर रिपोर्ट में बताया कि प्रार्थी की कृषि भूमि नामांतरण संख्या 587 दिनांक 27 दिसम्बर 2019 से रहनमुक्त हो चुकी थी, परन्तु जमाबंदी में भूलवश रहनमुक्त नामांतरण का अमल दरामद नहीं हुआ। पटवारी हलका रिपोर्ट व भू-अभिलेख निरीक्षक की रिपोर्ट एवं दस्तावेजों का अवलोकन कर प्रार्थी की कृषि भूमि रहनमुक्त की गई। लगभग 6 वर्षों से लंबित समस्या का समाधान होने पर प्रार्थी ने बहुत खुशी जताई। इसी तरह प्रार्थी दारा सिंह पुत्र देवा सिंह सिंह मेहरा ने प्रार्थना पत्र दिया कि चक एक सी छोटी खाता संख्या 47/39 में पिता का नाम देवा सिंह की जगह बघेल सिंह दर्ज है, उसे शुद्ध किया जाये। पटवारी हलका व भू-अभिलेख निरीक्षक रिपोर्ट एवं दस्तावेज अवलोकन कर वल्दियत शुद्ध करने का आदेश जारी किया। प्रार्थी मनीराम पुत्री लादूराम ने 13 वर्ष पहले भारतीय स्टेट बैंक शाखा श्रीगंगानगर से बैंक ऋण लिया था, परन्तु जमाबंदी में बैंक रहन अंकन नहीं होने से ऋण प्राप्त करने में बहुत समस्या आ रही थी। पटवारी हलका व भू-अभिलेख निरीक्षक से रिकॉर्ड संबंधी रिपोर्ट प्राप्त हुई कि चक 4 सी छोटी खाता संख्या 72 में संवहन से बैंक रहन अंकन नहीं हुआ। दस्तावेज अवलोकन कर तुरन्त जमाबंदी में बैंक का नाम दर्ज किया गया। लंबित समस्याओं का शिविर में तत्काल कार्यवाही होने से अत्यंत हर्षित होते हुए उक्त काश्तकारों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का तहेदिल से आभार व्यक्त किया।

## नामांतरण के 2868, सीमा ज्ञान के 457 तथा बंटवारे के 457 प्रकरण निस्तारित

# अंत्योदय संबल पखवाड़े में हजारों को मिला संबल

### प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत 7076 परिवारों को मिले आवासीय पट्टे

**श्रीगंगानगर @ पत्रिका.** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिले में चलाए गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय पखवाड़े में हजारों परिवारों को संबल मिला। शिविरों में ऐसे प्रकरणों का निस्तारण हुआ जो दशकों से लंबित थे और जिनके निस्तारण की उम्मीद प्रभावित परिवार छोड़ चुका था। जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने बताया कि शिविरों में नामांतरण के 2868 प्रकरणों का सीमा ज्ञान के 457 तथा पत्थर गढ़ी के 32 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसी प्रकार रास्तों के 271 प्रकरणों, आपसी सहमति से बंटवारे के 457 प्रकरणों का निस्तारण हुआ। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत 7076 परिवारों को आवासीय पट्टे जारी किए गए। इसके अलावा 6798 परिवारों को मौके पर पट्टे वितरित किए गए। पर्यावरण की रक्षा के लिए वन विभाग की ओर से 3704234 पौधे वितरित किए गए।

### मृदा कार्ड जारी किए

कृषि व उद्यान विभाग ने खेतों की मिट्टी के 7426 नमूने लेकर उनकी जांच करने के बाद 6490 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए। सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 546 ऑनलाइन आवेदन देकर 327 की स्वीकृतियां जारी की गई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने असत्यापित पेंशनर में से 820 का सत्यापन किया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने टीबी रोग के पहचान के लिए स्क्रीनिंग किए गए व्यक्तियों में से 542 को निक्षय पोषण किट वितरित की। इसके साथ-साथ 1620 गर्भवती महिलाओं की जांच तथा 1356 बच्चों का टीकाकरण शिविरों में हुआ।

**बाराबंदी के प्रकरणों में राहत :** जल संसाधन विभाग ने शिविरों के दौरान नहरी क्षेत्र में बाराबंदी से संबंधित 135 प्रकरणों में से 106 को राहत दी गई। खाळा व आड़ के विवाद से संबंधित 77 प्रकरणों में से 45 निस्तारित किए गए। नहरी पटड़ों की 57807 मीटर में सफाई एवं मरम्मत की गई तथा 79805 मीटर में नहरों से गाद निकालकर झाड़ियां हटाने का कार्य किया गया। शिक्षा विभाग की ओर से विभिन्न विद्यालयों में 3999 शौचालयों की सफाई करवाई गई तथा 881 मरम्मत के लिए चिन्हित कर 167 की मरम्मत करवाई गई। समेकित बाल विकास सेवाओं के तहत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 781 लाभार्थियों को पंजीकृत किया गया।

### झूलते तारों को दुरुस्त किया

विद्युत निगम की ओर से 404 झूलते तारों को ठीक किया गया तथा 215 विद्युत पोल को सही करवाया गया। इसके अलावा 639 स्थानों पर तारों के संपर्क में आ रहे पेड़ों की छंगाई की गई। पंचायती राज विभाग की ओर से 68885 पौधे लगाए गए। ग्रामीण विकास विभाग ने 151 चयनित बीपीएल परिवारों के बैंक खातों का सत्यापन करवाया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 481 परिवारों के आवेदन लिए गए तथा 531 के प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदन तैयार करवाए।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला · सिरोही

–:: समाचार कतरन - 10 जुलाई, 2025 ::–

दैनिक भास्कर
सिरोही-आबूरोड भास्कर 10-07-2025

**सरकार आपके द्वार** • सोरडा में संबल पखवाड़े के तहत शिविर का आयोजन, कई विभागों के अधिकारी रहे मौजूद

# 30 परिवारों को पट्टे और प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण

भास्कर न्यूज | मंडार

सोरडा पंचायत में आज राज्य सरकार की पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाया गया। राजूराम चौहान ने बताया कि ग्रामीणों की कई समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में विधायक मोतीराम कोली, लेहराराम भाट, पुखराज रावल, हरीश सोनी, राजस्व, विद्युत, जलदाय, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

शिविर में सोरडा-मंडार सड़क की मरम्मत की मांग उठी। विधायक ने मौके पर ही पीडब्ल्यूडी विभाग के एईएन को निर्देश दिए कि जल्द समाधान करें नहीं तो ग्रामीण धरना देंगे। शिविर में अर्ध घुमंतु परिवारों को पट्टे दिए गए। 30 परिवारों को पट्टे और प्रॉपर्टी कार्ड मिले। लाडो योजना के लाभार्थियों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। पीएम आवास, स्वच्छ भारत मिशन, जन आधार, जन्म प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, भूमि सीमा ज्ञान, आपसी सहमति से बंटवारा, म्यूटेशन और अन्य राजस्व कार्य पूरे किए गए। प्रवीण सुथार, मेहन्द्र कुमार प्रजापत, गोमाराम, धर्मेंद्र पटेल व राहुल कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।




सोरडा में आयोजित शिविर में सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।

## शिविर में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिला

**कैलाशनगर** | झाड़ोलीवीर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के तहत शिविर लगाया। आयोजन पंचायत भवन के पास हुआ। सरपंच मोहन देवी चौधरी, शिविर सहप्रभारी चंद्र प्रकाश चारण, नायब तहसीलदार मोहनलाल, एडीओ पंचायत समिति शिवगंज ने लोगों को विभागों से पात्रता अनुसार लाभ दिलवाए। पंचायती राज विभाग ने 20 नए पट्टे और 50 प्रॉपर्टी पार्सल जारी किए। राजस्व विभाग ने 6 सीमा ज्ञान और 5 रास्तों के प्रकरण निपटाए। मोतीराम ताराराम और लुंबाजी के खसरा नंबर 825 में रास्ता खुलवाया। आपसी सहमति से बंटवारे के 7 में से 6 प्रकरणों का निपटारा हुआ। पीएचईडी विभाग ने 3 टंकियों की सफाई कराई। 3 लीकेज ठीक किए। सामाजिक न्याय विभाग ने 20 पेंशन सत्यापन किए। पशुपालन विभाग ने 100 टीकाकरण किए। एनएफएसए में 12 की सीडिंग और 8 केवाईसी किए। चिकित्सा विभाग ने 211 मरीजों की ओपीडी की। विद्युत विभाग ने 2 जगह झुलते तार और 1 पोल ठीक किया। कृषि विभाग ने 17 मृदा स्वास्थ्य कार्ड बांटे। शिविर में जब्बरसिंह राव, वीडीओ पूरन सिंह, पटवारी गोपालसिंह, गणेश राम, डॉ. अजय कुमार, डॉ. जितेंद्र कुमार, उगमसिंह, वीरकाराम, चेनसिंह, बसंती देवी, जलाराम मेघवाल व तेजाराम सहित अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## विकास अधिकारी के प्रयासों से दृष्टिहीन को मिला पीपीओ

**पोसालिया/शिवगंज** | पंडित दीनदयाल अंत्योदय पखवाड़े के तहत मंगलवार को आयोजित शिविर में बुधवार को विकास अधिकारी मूलेंद्र सिंह राठौड़ के प्रयासों से 90 वर्षीय दृष्टिहीन वृद्ध को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ मिलने की उम्मीद जगी है। अंदोर में आयोजित शिविर में भाग लेने के लिए विकास अधिकारी मूलेंद्र सिंह राठौड़ 9 जुलाई को जा रहे थे। उस समय उन्होंने गांव में एक पेड़ के नीचे 90 वर्षीय वृद्ध को बैठा देखा। विकास अधिकारी उनके पास पहुंचे और पेंशन संबंधित बातचीत करने पर पता चला कि उन्हें सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं मिल रही है। वृद्ध हीराराम देवासी की उम्र 90 वर्ष होने से बायोमैट्रिक्स दर्ज नहीं होने से इनका आवेदन नहीं हो रहा था। ऐसे में विकास अधिकारी ने आईडी से फेस रिकग्निशन ऐप के माध्यम से ऑनलाइन किया। इसके बाद आईडी से पेंशन कार्य को शिविर में सत्यापन करवा पेंशन पीपीओ दे दिया।

## अंदौर पंचायत में संबल पखवाड़ा शिविर में विभागों की सेवाएं मिली

**पोसालिया** | निकटवर्ती अंदौर ग्राम पंचायत में संबल पखवाड़े के तहत राउमावि परिसर में शिविर आयोजित किया। शिविर प्रभारी विकास अधिकारी मूलेंद्र सिंह राठौड़ व मूलसिंह देवड़ा की अध्यक्षता में हुआ। देवड़ा ने बताया कि शिविर में 14 विभागों ने भाग लिया। ग्राम पंचायत द्वारा 16 पट्टे जारी किए, स्वामित्व कार्ड 60, पेंशन पीपीओ 1, पेंशन सत्यापन 10, बीपीएल परिवारों के बैंक डायरी का सत्यापन 15 व पशुपालन विभाग द्वारा 70 पशुओं का टीकाकरण सहित अन्य कार्य किए गए। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के 10 परिवेदनाएं मिली।

## शिविर में 28 पट्टा वितरण, पेंशन सत्यापन व तीन रास्ते खुलवाए

**भटाना** | पादर ग्राम पंचायत में मंगलवार को अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर लगाया। 28 पट्टा वितरण, पेंशन सत्यापन, रास्ता विवाद ग्राम बड़ेची के खसरा नंबर 291 के खातेदारी प्रभु राम भूरा राम रबारी को अधिकारियों ने 3 रास्ते खुलवाए। वीडीओ राजकुमार नागर ने बताया कि कैंप का ग्रामीणों को बहुत लाभ मिला। कैम्प में ग्रामीणों ने खाद सुरक्षा के फॉर्म जमा करवाए। शिविर प्रभारी हरीश कुमार, राजकुमार नागर, प्रशासक मरगा बाई, भगवत सिंह देवड़ा, धीराराम, प्रभु राम, भंवर सिंह, प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।

Scanned with CamS

पत्रिका

# अंदौर में अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत शिविर आयोजित




पोसालिया. अंदौर शिविर में पट्टे वितरण करते विकास अधिकारी राठौड़, सरपंच प्रतिनिधि देवड़ा।

पोसालिया @ पत्रिका. समीपवर्ती ग्राम पंचायत अंदौर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को शिविर प्रभारी शिवगंज विकास अधिकारी मूलेन्द्रसिंह राठौड़ के निर्देशन व सरपंच प्रतिनिधि मूलसिंह देवडा की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान ग्राम विकास अधिकारी हडवन्तसिंह, सहायक विकास अधिकारी भवुताराम मीणा, भू-अभिलेख निरीक्षक उमेश गोयल, पटवारी रामानंद सोनी, कनिष्ठ सहायक लाभुराम चौधरी, हीरालाल प्रजापत, ग्राम रोजगार सहायक भुवाराम, वार्ड पंच एवं ग्रामीण उपस्थित थे। सरपंच प्रतिनिधि मूलसिंह देवड़ा ने सभी का आभार जताया।

10/07/2025 | Sirohi | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

Scanned with CamS

पत्रिका

गर्भ खराब होना बताते हुए भर्ती कराने की सलाह दी। चिकित्सक की सलाह पर परिजनों ने उसे भर्ती करा

पहुंचे तथा घटना की जानकारी कर परिजनों को शांत किया और शव को मोर्चरी में रखवाया।

# 90 वर्षीय दृष्टिहीन वृद्ध की बुढ़ापे की लाठी बने विकास अधिकारी

**शिवगंज @ पत्रिका.** उपखंड के अंदोर गांव में आयोजित पंडित दीनदयाल अंत्योदय पखवाड़ा शिविर में एक मार्मिक दृश्य सामने आया। गांव में एक पेड़ के नीचे बैठे 90 वर्षीय दृष्टिहीन हीराराम देवासी को अकेले बैठे देख विकास अधिकारी मूलेन्द्र सिंह राठौड़ रुके। उनके बातचीत करने पर पता चला कि वृद्ध को आज तक सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं मिली है। इस पर विकास अधिकारी ने मानवता का परिचय देते हुए उन्हें सरकारी वाहन से शिविर स्थल पहुंचाया और मौके पर ही ई-मित्र वाले को पेंशन आवेदन करने के निर्देश दिए, लेकिन वृद्ध की उम्र अधिक होने व फिंगर प्रिंट न बनने के कारण आवेदन अटक गया। ऐसे में राठौड़ ने फेस रिकॉग्निशन एप के माध्यम से अपनी आईडी से आवेदन किया और तुरंत सत्यापन करते हुए पेंशन पीपीओ जारी कराया। वृद्ध को उसी क्षण पेंशन स्वीकृति पत्र (पीपीओ) हाथों में मिला, जिससे उनके चेहरे पर चमक और आंखों में आभार छलक आया। हीराराम देवासी ने इस मानवीय संवेदना के लिए विकास अधिकारी मूलेन्द्र सिंह राठौड़, राज्य मंत्री ओटाराम देवासी तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट किया।

10/07/2025 | Sirohi | Page : 1
Source : https://epaper.patrika.com/

Scanned with CamS

# हाथो हाथ पीपीओ जारी हुआ

**हिंदुस्तान से रूबरू**



**सिरोही,** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के तहत बुधवार को पंचायत समिति शिवगंज की ग्राम पंचायत अन्दौर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विकास अधिकारी मूलेन्द्र सिंह राठौड ने एक नीम के पेड के नीचे बैठे 90 वर्षीय वृद्ध को देखा उनसे बातचीत करने पर पता चला कि वृद्ध को सामाजिक सुरक्षा पेंशन नही मिल रही। विकास अधिकारी राठौड ने उन्हें शिविर में ले जाकर ई मित्र के कार्मिकां को वृद्ध का पेंशन आवेदन ऑनलाईन करने के निर्देश दिए। वृद्ध हीराराम देवासी की उम्र 90 वर्ष होने की वजह से बायोमैट्रिक्स दर्ज नही होने के कारण आवेदन नही हो पा रहा था। इस पर विकास अधिकारी ने अपनी आईडी से फेस रिकोग्निशन कर उनका आवेदन ऑनलाइन किया तथा पेंशन फार्म को हाथों हाथ अप्रुव कर पीपीओ जारी किया गया। जिस पर दृष्टिहीन वृद्ध के चेहरे पर चमक आ गई। वृद्ध ने विकास अधिकारी राठौड, राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# पाठ्य सामग्री पाकर खुश हो उठे आदिवासी बच्चेः लायंस क्लब आबूरोड की पहल, 145 आदिवासी बच्चों को मिले स्कूल बैग और स्टेशनरी

**हिंदुस्तान से रूबरू**



**आबूरोड** लायंस क्लब आबूरोड ने "आओ खुशियां बांटे" अभियान के तहत आदिवासी क्षेत्र के पीपरमाल और बोरापानी स्कूल में एक सराहनीय पहल की। क्लब ने 145 जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी और स्कूल बैग वितरित किए। कार्यक्रम में लायंस क्लब के उप प्रान्तपाल सी पी विजयवर्गीय और प्रभा विजयवर्गीय ने विशेष भूमिका निभाई। बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल, और अन्य स्टेशनरी सामग्री दी गई। इस पहल से बच्चों के चेहरे पर खुशी देखी गई। क्लब अध्यक्ष ने बताया कि यह पहल आदिवासी बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए की गई है। कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने क्लब का आभार व्यक्त किया। रमन बंसल और राहुल गोयल ने कार्यक्रम के लिए विशेष सहयोग दिया। इस अवसर पर क्लब के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें भगवान अग्रवाल, भवरसिंह राजपुरोहित, विशाल गोयल, सुरेंद्रभूषण शर्मा, नटवर पटेल समेत अन्य सदस्य शामिल थे। सभी ने मिलकर इस सेवा कार्य को सफल बनाया।

Scanned with CamS

# शिविर में मिला हाथों हाथ जॉब कार्ड




सिरोही पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के तहत पंचायत समिति रेवदर की ग्राम पंचायत सोरडा में बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कनका देवी पत्नी मावाराम निवासी सोरडा ने बताया कि उनके पति की मृत्यु पूर्व में हो चुकी है तथा वो और उनका एक बेटा जो की मानसिक विकलांग है एक साथ ही रहते है। उनकी आजीविका का कोई स्थाई साधन नही है तथा ना ही उनका जॉब कार्ड बना हुआ है। जिस कारण वे महानरेगा योजनान्तर्गत कार्य पर भी नहीं जा सकती। ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के तहत शिविर में वे अपने मूल कागज एवं प्रार्थना पत्र सहित उपस्थित हुई। उनके द्वारा शिविर प्रभारी को जॉब कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किया गया। जिस पर शिविर प्रभारी द्वारा संवेदनशीलता अपनाते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी/कार्मिकों के अविलम्ब जॉब कार्ड जारी करने के लिए निर्देशित किया गया और मौके पर ही जॉब कार्ड जारी करवाया गया एवं शिविर में ही जॉब कार्ड सुपुर्द किया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें जॉब कार्ड के रूप में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय शिविर में संबल मिला है। इस कारण मैं राजस्थान सरकार और प्रशासन व पंचायत का हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ।

Scanned with Cams

# शिविर में हुआ सह खातेदारों का बटवारा

मरू लहर न्यूज

**सिरोही।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के तहत पंचायत समिति रेवदर की ग्राम पंचायत सोरडा में बुधवार को शिविर का आयोजन हुआ।

शिविर में 2 सह खातेदारों की जमीन का खाता विभाजन किया गया। अमृतलाल पुत्र गणेशाराम गरोडा उम्र 40 वर्ष ने दो दिन पहले पटवारी व भू अभिलेख निरीक्षक को उपस्थित होकर बताया कि संयुक्त खातेदारी भूमि का लंबे समय से भूमि बंटवारा नहीं हो रहा है। पटवारी हल्का द्वारा राजस्व रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया, खाते में कुल दो सह खातेदार है। भू अभिलेख निरीक्षक व पटवारी द्वारा दोनो खातेदारों का आपसी बंटवारा प्रस्ताव तैयार कर शिविर प्रभारी पुखराज रावल नायब तहसीलदार रेवदर को प्रस्तुत किया।

खाता विभाजन के पश्चात दोनो खातेदार किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, रूपान्तरण, कृषि विद्युत कनेक्शन एवं कृषि से संबंधित सरकार की विभिन्न योजनाओं में लाभ के हकदार हो गये। जिस पर अमृतलाल द्वारा राज्य सरकार व प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

Scanned with CamS




# शिविर में मिला हाथों हाथ जॉब कार्ड

**मरू लहर न्यूज**

**सिरोही।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के तहत पंचायत समिति रेवदर की ग्राम पंचायत सोरडा में बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कनका देवी पत्नी मावाराम निवासी सोरडा ने बताया कि उनके पति की मृत्यु पूर्व में हो चुकी है तथा वो और उनका एक बेटा जो की मानसिक विकलांग है एक साथ ही रहते है। उनकी आजीविका का कोई स्थाई साधन नही है तथा ना ही उनका जॉब कार्ड बना हुआ है। जिस कारण वे महानरेगा योजनान्तर्गत कार्य पर भी नहीं जा सकती। ग्राम पंचायत में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के तहत शिविर में वे अपने मूल कागज एवं प्रार्थना पत्र सहित उपस्थित हुई।

उनके द्वारा शिविर प्रभारी को जॉब कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किया गया। जिस पर शिविर प्रभारी द्वारा संवेदनशीलता अपनाते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी/कार्मिकों को अविलम्ब जॉब कार्ड जारी करने के लिए निर्देशित किया गया और मौके पर ही जॉब कार्ड जारी करवाया गया एवं शिविर में ही जॉब कार्ड सुपुर्द किया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें जॉब कार्ड के रूप में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय शिविर में संबल मिला है। इस कारण मैं राजस्थान सरकार और प्रशासन व पंचायत का हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ।

Scanned with CamS

# शिविर के तहत 2 सह खातेदारों की जमीन का खाता विभाजन




मरू लहर न्यूज

**सिरोही।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के तहत पंचायत समिति पिंडवाडा की ग्राम पंचायत सनवाडा आर में बुधवार को शिविर का आयोजन हुआ।

शिविर के तहत 2 सह खातेदारों की जमीन का खाता विभाजन किया गया। बलवंत सिह पुत्र मोहब्बत सिंह राजपूत ने दो दिन पहले पटवारी व भू अभिलेख निरीक्षक के समक्ष उपस्थित होकर बताया कि संयुक्त खातेदारी भूमि का लंबे समय से भूमि का बंटवारा नहीं हो रहा है पटवारी हल्का द्वारा राजस्व रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया खाते में कुल दो सह खातेदार है भू अभिलेख निरक्षक व पटवारी हल्का द्वारा दोनों खातेदारों का आपसी बंटवारा प्रस्ताव तैयार कर शिविर प्रभारी उप तहसीलदार भावरी को प्रस्तुत किया। खाता विभाजन के पश्चात दोनों खातेदार किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, रूपान्तरण, कृषि विद्युत कनेक्शन एवं कृषि से संबंधित सरकार की विभिन्न योजनाओं में लाभ के हकदार हो गये। जिस पर बलवंत सिंह द्वारा राज्य सरकार व प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

Scanned with CamS

दैनिक नवज्योति jalore-sirohi - 10 Jul 2025 - Page 8

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का फायदा उठा सरकार की मंशा को करें पूर्णः चौधरी

## 12 महीनो से पेंशन सत्यापन के लिए भटक रही 75 वर्षीय महिला को मिला न्याय

नवज्योति/मंडार।

ग्राम पंचायत बांट में बुधवार को पंचायत समिति विकास अधिकारी हेमाराम चौधरी एवं अतिरिक्त विकास अधिकारी कन्हैया लाल की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर का सफल आयोजन किया गया। कैम्प में 5 व्यक्तिगत शौचालय, 5 राशन कार्ड धारकों की, 26 म्यूटेशन, 10 बंटवारे, 1 पुश्तैनी पट्टा, 2 पीएम आवास पूर्णता प्रमाण पत्र, 5 पेंशन सत्यापन किए गए। इस अवसर पर पंचायत समिति विकास अधिकारी चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिसका हमें अधिक से अधिक



लाभ उठाना होगा एवं अन्य लोगों को भी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त विकास अधिकारी कन्हैयालाल ने बताया कि राज्य सरकार की इच्छा है कि अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को इन शिविरों के माध्यम से राहत प्रदान करके उनको जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है ताकि उसका आर्थिक विकास हो सके और उन्हें संबल मिल सके। उन्होंने सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पंचायत के ग्राम सभा की बैठक में जाकर इसका लाभ लेने का भी आग्रह किया। शिविर में 75 वर्षीय एक वृद्ध महिला सोपुदेवी रेबारी का पेंशन सत्यापन करवा कर नियमित पेंशन भी हाथों हाथ शुरू करवाई जिस पर वृद्ध महिला ने प्रशासनिक अधिकारियों को आशीर्वाद भी प्रदान किया। वही रेसा राम को प्रधानमंत्री आवास का स्वीकृति प्रमाण पत्र जारी किया।

### यह रहे उपस्थित

शिविर में पूर्व अतिरिक्त विकास अधिकारी हीरा राम, प्रशासक श्रीमती संगीता देवी, विहा राम, पूर्व सरपंच ललित कुमार, पीथापुरा बीडीओ रणजीत कुमार, वीडीओ दीक्षित परमार, रतना राम ग्राम पंचायत अधिकारी बांट, पीईईओ नरेन्द्र सिंह, कनिष्ठ सहायक समरता राम, पोपट लाल, मदन सिंह, नरेश कुमार, पंचायत स्तरीय कार्मिक और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अंदौर में संबल पखवाड़ा शिविर में ग्रामीणों को जारी किए 80 स्वामित्व कार्ड



नवज्योति/पोसालिया।

समीपवर्ती ग्राम पंचायत अंदौर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को शिविर प्रभारी शिवगंज विकास अधिकारी मूलेन्द्रसिंह राठौड़ के निर्देशन और सरपंच प्रतिनिधि मूलसिंह देवड़ा की अध्यक्षता में शिविर आयोजित किया गया।

ग्राम विकास अधिकारी हडवन्तसिंह ने बताया कि शिविर में विकास अधिकारी राठौड़ ने राज्य और केंन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए उनका परिलाभ हर योग्यजन को दिलवाने में सहयोग का आव्हान किया। लोगों की 10 परिवेदनाएं प्राप्त हुई, जिन्हें संबंधित विभाग को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। शिविर में 14 विभागों ने भाग लिया। शिविर में 16 नवे पटटे जारी किए, 80 स्वामित्व कार्ड, एक पेंशन पीपीओ जारी किया और 10 पेंशन सत्यापन किया गया। 15 बीपीएल परिवारों के बैंक डायरी सत्यापन, 2 जन्म-मृत्यु प्रमाण जारी किए गए। राजस्व विभाग ने 10 नामान्तरणकरण, 3 बंटवारे, 2 रास्ता खुलवाने के प्रकरण, पशु चिकित्सा विभाग ने 80 पशुओं का टीकाकरण किया।

Scanned with CamS

दैनिक नवज्योति

jalore-sirohi - 10 Jul 2025 - Page 11

# अंदोर गांव के शिविर में 90 वर्षीय वृद्ध को हाथों हाथ पीपीओ हुआ जारी

नवज्योति/सिरोही।




पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के तहत बुधवार को पंचायत समिति शिवगंज की ग्राम पंचायत अंदोर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विकास अधिकारी मूलेन्द्र सिंह राठौड ने एक नीम के पेड़ के नीचे बैठे 90 वर्षीय वृद्ध को देखा उनसे बातचीत करने पर पता चला कि वृद्ध को सामाजिक सुरक्षा पेंशन नहीं मिल रही। विकास अधिकारी राठौड ने उन्हें शिविर में ले जाकर ई मित्र के कार्मिकों को वृद्ध का पेंशन आवेदन ऑनलाइन करने के निर्देश दिए। वृद्ध हीराराम देवासी की उम्र 90 वर्ष होने की वजह से बायोमैट्रिक्स दर्ज नही होने के कारण आवेदन नहीं हो पा रहा था। इस पर विकास अधिकारी ने अपनी आईडी से फेस रिकोग्निशन कर उनका आवेदन ऑनलाइन किया तथा पेंशन फार्म को हाथों हाथ अप्रुव कर पीपीओ जारी किया गया। जिस पर दृष्टिहीन वृद्ध के चेहरे पर चमक आ गई। वृद्ध ने विकास अधिकारी राठौड़, राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

Scanned with CamS



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला · झालावाड़

–:: समाचार कतरन – 10 जुलाई, 2025 ::–

दैनिक राजस्थान पत्रिका

दि 10-7-2025

# कलक्टर ने शिविर का निरीक्षण किया




रायपुर @ पत्रिका. राज्य सरकार की ओर से 24 जून से 9 जुलाई तक चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत बुधवार को जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने ग्राम पंचायत हिम्मतगढ़ में आयोजित शिविर का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों के काउन्टर पर जाकर किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित कार्मिकों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने शिविर में खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों की ईकेवाईसी करवाने, अधिक से अधिक संख्या में मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी करने, खाद्य सुरक्षा योजना से अपात्र लोगों से स्वेच्छा से नाम हटवाने, मंगला पशु बीमा योजना के तहत बीमा करवाने सहित राजस्व विभाग से संबंधित ग्रामीणों के सीमा ज्ञान, पत्थरगढ़ी, बंटवारा, नाम शुद्धीकरण आदि कार्य करवाने के निर्देश दिए। शिविर में ज़िला कलक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों की विभिन्न समस्याएं सुनी तथा उनके निस्तारण के संबंध में स्थानीय तहसीलदार, विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। तहसीलदार जगदीश सिंह झाला ने बताया कि शिविर में आठ बंटवारे किए गए।

## सरड़ा शिविर में लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया



अकलेरा| सरड़ा ग्राम पंचायत में बुधवार को अंत्योदय संबल पखवाड़े में शिविर आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि विधायक गोविंद रानीपुरिया रहे। विधायक का प्रशासक एवं पंचायत वासियों ने स्वागत किया। विधायक ने कहा कि किसानों एवं आमजन के हित में कल्याणकारी कार्य करवाए जा रहे हैं। विधायक को लोगों ने समस्याएं बताईं, जिनका मौके पर ही निस्तारण करवाया। शिविर में नामांतरण, बंटवारा, रास्ता, खाद्य सुरक्षा, पशुओं का टीकाकरण, बीमा आदि के काम हुए। इस दौरान भाजपा उपाध्यक्ष दिनेश मंगल, पूर्व प्रधान लालीबाई, विकास अधिकारी आदेश मीणा, रंगलाल तंवर, कालू सिंह तंवर, तहसीलदार राजकुमार पूनिया, प्रशासक संतोष कुमार मेघवाल, राधाकिशन गुप्ता, बजरंग रूहेला, रामनारायण तंवर उपस्थित रहे।

## हिम्मतगढ़ शिविर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

रायपुर| हिम्मतगढ़ ग्राम पंचायत में आयोजित अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का कलेक्टर ने निरीक्षण किया। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से योजनाओं के लाभान्वित के बारे में जानकारी ली। योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ पात्र व्यक्ति को मिले। शिविर में ग्राम पंचायत द्वारा पट्टे का कलेक्टर ने वितरण किया। शिविर में तहसीलदार जगदीश सिंह झाला, कानूनगो महेंद्रसिंह चंद्रावत, हल्का पटवारी शाहिद उपस्थित रहे। शिविर में 8 बंटवारे, 2 शुद्धि के 2 धारा 136 के प्रकरण आपसी समझाइश कर सहमति बंटवारे के लिए राजी किया।

निक नवज्योति
दि 10-7-2025

# अंत्योदय संबल शिविर में लोगों की समस्याओं का किया निस्तारण



**न्यूजसर्विस/नवज्योति, कनवास।** कनवास के सावनभादो में बुधवार को अंत्योदय संबल पखवाड़े अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जयवीर सिंह अमृत कुआं, उपप्रधान ओम नागर अड़ूसा, पंचायत समिति सदस्य दुष्यंत शर्मा, प्रशासक सोनू शर्मा उपखण्ड अधिकारी रामावतार मीणा तहसीलदार राधेश्याम राठौर नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह ने समस्याएं सुनीं।

प्रधान सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाओं का ग्रामीणों तक पहुंच कर लाभ दिलवाना हमारी जिम्मेदारी है। कोई भी पात्र योजनाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसी के साथ शिविर में आए हुए सभी आमजन की समस्याओं को प्रधान सिंह द्वारा सुनकर मौके पर समाधान किया व अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। मौके पर ही समस्याओं का निस्तारण किया गया। शिविर में समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी, पंचायत समिति के सहायक विकास अधिकारी रामहेत सिंह मीणा, कानूनगो मीठालाल मीणा, पटवारी ललित कुमार, उपसरपंच महेंद्र नागर, ग्राम विकास अधिकारी बद्रीलाल सेन, कनिष्ठ सहायक शिव प्रसाद नागर, ईमित्र संचालक गिरिराज मालव आदि उपस्थित रहे।

(33)

# अंत्योदय संबल शिविर का कलक्टर ने किया निरीक्षण

(34)

**न्यूजसर्विस/नवज्योति, रायपुर।** ग्राम पंचायत हिम्मतगढ़ में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का ओचक निरीक्षण जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने किया। जिला कलेक्टर शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों से योजनाओं के



लाभान्वित के बारे में जानकारी ली। राज्य सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ पात्र व्यक्ति को मिले। हर व्यक्ति को वृक्षारोपण के लिए आगे आना चाहिए। पेड़ लगाना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी हे। शिविर में ग्राम पंचायत द्वारा पट्टे का जिला कलेक्टर ने वितरण किया गया। शिविर में तहसीलदार जगदीश सिंह झाला विकास अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी , संरपच , कानुगो महेंद्र सिंह चंद्रावत , हल्का पटवारी शाहिद सभी युवाओं के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।18 बंटवारे 2 शुद्धि के 2 धारा 136 के प्रकरणआपसी समझाइश कर सहमति बटवारे के लिए राजी किया गया । जिसके फलस्वरूप सभी कास्तकारों द्वारा राज्य सरकार, प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

(35)

# लुनाखेड़ी में 100 बीघा चारागाह भूमि अतिक्रमण मुक्त

**न्यूजसर्विस/नवज्योति, चौमहला।** पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा के अन्तर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत सुनारी में शिविर का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर के माध्यम से ग्राम लुनाखेड़ी में 100 बीघा चारागाह की जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई गई। उपखंड अधिकारी



छत्रपाल चौधरी ने बताया कि शिविर में ग्राम पंचायत सुनारी एवं ग्राम वासियों द्वारा ग्राम लूनाखेडी में चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया।

जिस पर तहसीलदार गंगधार द्वारा अतिसंवेदनशीलता दिखाते हुए प्रकरण में त्वरित कार्यवाही कर राजस्व टीम को मौके पर भेजकर ग्राम लूनाखेडी की लगभग 100 बीघा चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया जाकर अतिक्रमण से मुक्त भूमि को ग्राम पंचायत सचिव को सुपर्द किया गया, ग्राम वासियों भूमि अतिक्रमण से मुक्त होने पर खुशी जाहिर की व उपखण्ड प्रशासन व राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। शिविर में छत्रपाल चौधरी उपखण्ड अधिकारी गंगधार, जतिन दिनकर तहसीलदार गंगधार, केम्प नोडल अधिकारी ललित कुमार शर्मा हल्का पटवारी अशोक सिंह, गंगाचरण सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

(36)

# अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा आयोजित

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, पिड़ावा।** पिडावा क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरनावदा गजा पर राजस्थान सरकार द्वारा चलाए गए शिविर का आयोजन हुआ। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल पखवाड़ा 2025 शिविर प्रभारी नायब तहसीलदार महावीरसिंह पंवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष नारायण सिंह सिसोदिया, सरपंच (प्रशासक) भगवान सिंह सिसोदिया, कि उपस्थिति में बुधवार को शिविर का आयोजन किया। शिविर प्रभारी को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि भाजपा मंडल उपाध्यक्ष बहादुर सिंह चौहान, ने बताया कि ढाबला भोज से हरनावदापिथा तक 11 हजार केवी विद्युत लाइन के तार एवं पोल काफी जर्जर व पुराने हो गए हैं, जिसकी वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। रात में तार टूटने की वजह से पूरी रात ग्रामीण अंधेरों में रहते हैं ।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हरनावदा गजा में कक्षा 6 से 12वीं तक कोई अंग्रेजी विषय का अध्यापक नहीं है विद्यालय में छात्रों की संख्या 400 है लेकिन अंग्रेजी विषय पढ़ने वाला कोई नहीं है ग्रामीणों ने बच्चों की भविष्य के लिए मांग की है



शिविर में उपस्थित सहायक अधिकारी सत्येंद्र जैन, कानगो हेमन्त नामदेव, पटवारी श्री मोहन, ग्राम विकास अधिकारी रोहित मालव , राजस्व विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, चिकित्सा विभाग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान समाजसेवी बहादुर सिंह चौहान, एलडीसी राधेश्याम दांगी, ग्राम सेवक पवन, वार्डपंच मेरबान सिंह, विद्यार्थी मित्र गोपाल शर्मा नारायण सिंह, ईमित्र संचालन रोशन सिंह, नेपाल सिंह मौजूद रहे।



प्रदेश में

पं. दीनदयाल उपाध्याय

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा

(24 जून से 09 जुलाई – 2025)

## जिला - सीकर

–:: समाचार कतरन – 10 जुलाई, 2025 ::–

दैनिक भास्कर, सीकर 10/7/25

# एसडीएम से किसानों ने खेतों के लिए रास्ता मांगा



**रानोली** | बैद की ढाणी ग्राम पंचायत में पं. अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को सुबह 10 बजे से शिविर लगा। इसमें ग्रामीणों के अधूरे कार्यों को मौके पर ही निस्तारित किया गया। शिविर में एसडीएम मोनिका सामौर से किसानों ने अपने खेतों के रास्ते को लेकर एप्लीकेशन दी। किसान प्रभुदयाल जांगिड़, मोहनलाल, रमेश, अशोक कुमावत, रामपाल, नरशी, सम्मेश्वर, प्रभु व कजोड़ आदि किसानों ने बताया कि हमारे खेतों में जाने के लिए कई वर्षों से रास्ता नहीं है। जिसको लेकर हमें कई बार पंचायत, पटवारी , तहसीलदार को कई बार रास्ता खुलवाने को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया। दो साल से तहसीलदार के पास दावा किया हुआ पड़ा है जिस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस दौरान नायब तहसीलदार रामनिवास बोचल्या, पंचायत प्रशासक दीपिका कुमावत, वीडीओ सूरत सिंह शेखावत, पारस कुमावत आदि मौजूद रहे।

(19)

दैनिक उद्योग आसपास, सीकर 10/7/25



**सीकर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा कैंप गोठड़ा तगालान में तहसीलदार श्री भीमसेन सैनी, सरपंच श्री जगदीश प्रसाद खारिया, गिरदावर श्री राजवीर सिंह बुडानिया, पटवारी योगिता व कैंप में उपस्थित कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

35

दैनिक नवज्योति, जयपुर 10/7/25

# अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में समस्याओं का निस्तारण

**श्रीमाधोपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के तहत मंगलवार को श्रीमाधोपुर उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुरा ( थोई ), कल्याणपुरा ( थोई ) में शिविर का आयोजन किया गया। उक्त दोनो पंचायतों के शिविरों में दिन भर लोगों में सरकारी योजनाओं में पंजीयन करवाने का उत्साह नजर आया। उपखण्ड अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि उक्त शिविर में आम जन को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कुल 18 विभागों के कार्य एक ही जगह संपादित से ग्रामीणजनों की कई शिकायतों/कार्यो का मौके पर ही निस्तारण किया गया। चारों ग्राम पंचायतो में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा शिविर में राजस्व विभाग ने 18 नामान्तरण, 15 सीमाज्ञान, 01 पत्थरगढी, 15 रास्ते के प्रकरण और 02 आपसी सहमति से बंटवारा के प्रकरण, पंचायत राज विभाग 731, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 07, कृषि विभाग 08, रसद विभाग 22, चिकित्सा विभाग 885, पशुपालन विभाग 63, शिक्षा विभाग 21, सामाजिक सुरक्षा विभाग पेंशन 08, एवीवीएनएल 27, वन विभाग 20, बाल विकास परियोजना विभाग 26 प्रकरण निस्तारित किये गए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर नीमकाथाना द्वारा निरीक्षण किया गया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा शिविर में शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी अनिल कुमार, तहसीलदार जगदीश प्रसाद, विकास अधिकारी पंचायत समिति श्रीमाधोपुर सुनील कुमार, प्रधान पंचायत समिति, सरपंच ग्राम पंचायत सहित सभी ब्लॉक स्तरीय विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

(५९)

दैनिक नवज्योति 10/7/25
shekhawati - 10 Jul 2025 - Page 4

# शिविर में 177 मामलों का निपटारा

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, रींगस।** राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से चालू किए गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के समापन पर कोटड़ी धायलान ग्राम पंचायत के भारत निर्माण राजीव गांधी



सेवा केन्द्र पर शिविर लगाया गया, जिसमें रींगस उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों के द्वारा 177 मामलों का निपटारा करके आमजन को राहत प्रदान की गई। एसडीएम बृजेश कुमार ने बताया कि शिविर में नामांतरण के 18, खाता दुरुस्ती के 15, रास्ता प्रकरण 16, कुरेजांत 6, पत्थरगढ़ी 11, सीमाज्ञान 20, मृदा नमूना संग्रहण 35, मृदा कार्ड 17, एनएफएसए आवेदन निस्तारण 4, पेंशन सत्यापन 32, दिव्यांग प्रमाण पत्र 2 और 22 आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। इस दौरान तहसीलदार विवेक कटारिया, ग्राम पंचायत की प्रशासक मीरा देवी, एडवोकेट कैलाश चंद धायल, पटवारी प्रदीप वर्मा सहित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

मॉर्निंग मैसेज 10/7/25

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतिम दिन

## बुधवार को कुमासजाटान, राजास व डुडवा ग्राम पंचायत में आयोजित हुआ शिविर

**मॉर्निंग मैसेज**

सीकर । राज्य के मुख्यमंत्री भाजनलाल वर्मा के नेतृत्व में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को लक्ष्मणगढ़ उपखंड क्षेत्र के तीन ग्राम पंचायतों कुमासजाटान, राजास व डुडवा में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 1163 ग्रामीण लाभान्वित हुए। शिविर में उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, तहसीलदार फारूक अली, पंचायत समिति की विकास अधिकारी रोमा सहारण सहित विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने आमजन की समस्या को सुना तथा मौके पर निस्तारण किया। उपखंड अधिकारी मोहरसिंह मीणा ने बताया कि बुधवार को आयोजित शिविर में रास्ता प्रकरण के 32 निस्तारण, एनएफ एसए 1 आवेदन का निस्तारण ओर 337 पशुओं के टीकाकरण किया गया तथा 53 मामले सीमा ज्ञान के निस्तारण किये गये। 366 ग्रामीणों की मेडिकल जांच टीबी, बीपी, शुगर सहित अन्य जांच की गई। 9 जलाशयों की साफ सफाई की गई। 595 विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण की गई साथ ही हरयालो राजस्थान अभियान के तहत 1752 पौधे लगाए गए। झुलते बिजली के तारों के 7 प्रकरण का निस्तारण ओर 15 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण किये गये। साथ ही 12 पेंशनर्स सत्यापन किए गए तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दन योजना 13 लाभान्वित किये गये।



पावरफुल टाइम्स
10/7/25

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतिम दिन 300 के लगभग ग्रामीण लाभान्वित हुए



सीकर 9 जुलाई। राज्य के मुख्यमंत्री भाजनलाल वर्मा के नेतृत्व में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को फतेहपुर उपखंड क्षेत्र के रोसावा, दांतरु, कारंगा ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 300 के लगभग ग्रामीण लाभान्वित हुए। शिविर में हितेश चौधरी तसीलदार, नायब तहसीलदार रामनिवास मीणा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी रूपा राम, सरपंच सावत्रि देवी, पटवारी सुभाष, गिरदावर, हरफूल सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी ज्योति सुंडा सहित विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने आमजन की समस्या को सुना तथा मौके पर निस्तारण किया। शिविर में खाद्य सुरक्षा, पेंशन, जन्मप्रमाण पत्र , जमीन बंटवार, रास्ता प्रकरण, सीमा ज्ञान शाहिद निस्तारण किए गए। इस दौरान ग्राम सेवक थान सिंह, गोविंद शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित ग्रामीण लोग उपस्थित रहें।

पावर फुल टाइम्स
10/7/25

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतिम दिन बुधवार को कुमासजाटान, राजास व डुडवा ग्राम पंचायत में आयोजित हुआ शिविर

सीकर 9 जुलाई। राज्य के मुख्यमंत्री भाजनलाल वर्मा के नेतृत्व में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत बुधवार को लक्ष्मणगढ़ उपखंड क्षेत्र के तीन ग्राम पंचायतों कुमासजाटान, राजास व डुडवा में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 1163 ग्रामीण लाभान्वित हुए। शिविर में उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, तहसीलदार फारूक अली, पंचायत समिति की विकास अधिकारी रोमा सहारण सहित विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने आमजन की समस्या को सुना तथा मौके पर निस्तारण किया। उपखंड अधिकारी मोहरसिंह मीणा ने बताया कि बुधवार को आयोजित शिविर में रास्ता प्रकरण के 32 निस्तारण, एनएफएसए 1 आवेदन का निस्तारण ओर 337 पशुओं के टीकाकरण किया गया तथा 53 मामले सीमा ज्ञान के निस्तारण किये गये। 366 ग्रामीणों की मेडिकल जांच टीबी, बीपी, शुगर सहित अन्य जांच की गई। 9 जलाशयों की साफसफाई की गई। 595 विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण की गई साथ ही हरयालो राजस्थान अभियान के तहत 1752 पौधे लगाए गए। झुलते बिजली के तारों के 7 प्रकरण का निस्तारण ओर 15 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण किये गये। साथ ही 12 पेंशनर्स सत्यापन किए गए तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दन योजना 13 लाभान्वित किये गये।

सीकर टाइम्स 10/7/25

# अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत शिविर में ग्रामीणों के अनेक कार्य हुए

## मंगलवार को पालड़ी, खीरवा व लालासी पंचायत में आयोजित हुए शिविर



**सीकर टाइम्स । सीकर.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत लक्ष्मणगढ़ उपखंड क्षेत्र के तीन ग्राम पंचायतों पालड़ी, खीरवा व लालासी में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 989 ग्रामीण लाभान्वित हुए।

उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, तहसीलदार फारुक अली, पंचायत समिति की विकास अधिकारी रोमा सहारण सहित विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने आमजन की समस्या को सुना तथा मौके पर निस्तारण किया। उपखंड अधिकारी मोहरसिंह मीणा ने बताया कि मंगलवार को आयोजित शिविर में रास्ता प्रकरण के 40 निस्तारण, एनएफएसए 2 आवेदन का निस्तारण और 300 पशुओं के टीकाकरण किया गया तथा 40 मामले सीमा ज्ञान के निस्तारण, 550 ग्रामीणों की मेडिकल जांच टीबी, बीपी, शुगर, 7 जलाशयों की साफ-फाई, 389 विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण की गई साथ ही हरयालो राजस्थान अभियान के तहत 1154 पौधे लगाए, झुलते बिजली के तारों के 5 प्रकरण का निस्तारण, 17 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, 38 पेंशनर्स सत्यापन, प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दन योजना 8 लाभान्वित किये गये।

दैनिक आमयाक कलम
10/7/25

# मिले विद्युत कनेक्शन तो 8 घर हुए रोशन चेहरो पर छाई खुशी

पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय मौजमाबाद में दिनांक 09.07.2025 को आयोजित फॉलोअप केम्प मे चौहानो की ढाणी के निवासियो द्वारा शिविर प्रभारी के समक्ष उपस्थित होकर विधुत सप्लाई के कम वोल्टेज आने की समस्या रखी इस पर केम्प प्रभारी द्वारा विधुत उर्जा विभाग के सहायक अभियन्ता को बुलाकर उक्त समस्या के समाधान हेतु निर्देश प्रदान किये गये जिसमे सहायक अभियन्ता द्वारा बुधवार को ही उनकी समस्त फिल्ड स्तर की टीम को मौके पर भेजकर चौहानो की ढाणी मे 16 किलो वाट ट्रांसफार्मर पर रूपनारायण गुर्जर पुत्र झुंथाराम गुर्जर के पास एक नया ट्रांसफार्मर 25 किलो वाट का रखवाकर 8 नये विधुत कनेक्शन जुडवाये गये इससे ग्रामिणों के चेहरों पर हर्ष की लहर छा गई। विद्युत कनेक्शन जारी होने पर समस्त परिवादियों ने प्रदेश के माननीय मुख्यामंत्री श्री भजनलाल शर्मा व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

दैनिक आमयात्रा जलसा
10/7/25

# जमाबन्दी में बागरिया के स्थान पर गुर्जर दर्ज हाने पर छीतर की 15 वर्षों से चल रही समस्या का हुआ समाधान



जयपुर 09 जुलाई।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा 2025 के तहत दिनांक 09.07.2025 को तहसील स्तर पर आयोजित फॉलोअप शिविर में परिवादी छीतर गुर्जर ने उपखण्ड अधिकारी राकेश कुमार के समक्ष उपस्थित होकर अवगत करवाया की ग्राम कुडली की जमाबंदी के खसरा नंबर 110 में परिवादी के नाम के आगे गुर्जर के स्थान पर बागरिया दर्ज है। उपखण्ड अधिकारी द्वारा तहसीलदार फागी को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्राप्त निर्देशों की पालना में तहसीलदार फागी द्वारा पटवारी से नाम शुद्धि की रिपोर्ट तैयार करवाई गयी। उपखण्ड अधिकारी द्वारा पटवारी रिपोर्ट के अनुसार मौके पर ही परिवादी के नाम के आगे बागरिया के बजाय गुर्जर अंकित करने के आदेश जारी किये गये। लगभग 15 वर्षों से चली आ रही समस्या का समाधान होने पर परिवादी द्वारा राज्य सरकार का पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा के तहत शिविर आयोजित करवाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया ।